page 1_Layout 1 13-10-2026 21:53 Page 1



डेली

आवाज भारती

बुलंद भारत की बुलंद आवाज़



» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » बुधवार, 14 अक्तूबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :171 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल

पढ़े पृष्ठ 6 पर...

आज के भारती



पंजाब की 17 बेटियों ने एनडीए परीक्षा पास कर रचा इतिहास

मोहालीः पंजाब की 17 महिला कैडेट्स ने नेशनल डिफेंस अकादमी (NDA) की लिखित परीक्षा पास कर राज्य का गौरव बढ़ाया है। माई भागो आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट की इन कैडेट्स की सफलता ने साबित कर दिया है कि मेहनत, हौसले और दृढ़ संकल्प से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इन बेटियों की उपलब्धि न केवल पंजाब के लिए गर्व की बात है, बल्कि देश की सेवा करने का सपना देखने वाली हजारों लड़कियों के लिए भी प्रेरणा है। उनकी सफलता महिला सशक्तिकरण और युवाओं के आत्मविश्वास की एक शानदार मिसाल है।


लाल पंजाब : नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले को मिलेगी मौत ?

पंजाब में नशा विरोधी कार्यकर्ता परविंदर सिंह झोटा की गोली मारकर की हत्या

डेली आवाज भारती

मानसा । पंजाब के मानसा में मंगलवार सुबह नशा विरोधी कार्यकर्ता परविंदर सिंह झोटा की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस हत्या के बाद नशे के खिलाफ अभियान चलाने वालों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। शुरुआती रिपोर्ट के अनुसार, नशा विरोधी गतिविधियों को लेकर हुए विवाद के बाद एक मेडिकल स्टोर मालिक ने कार्यकर्ता पर गोली चलाई। परविंदर सिंह झोटा एक एंटी-ड्रग टास्क फोर्स से जुड़े हुए थे और लगातार नशा तस्करी और नशीले पदार्थों की बिक्री के खिलाफ अभियान चला रहे थे। उन्होंने नशा बेचने के संदिग्ध लोगों का सामना किया था और स्थानीय समुदायों को नशे के खिलाफ एकजुट किया था। मानसा सिविल अस्पताल के एसएमओ गुरमेल सिंह ने मीडिया को बताया कि झोटा को तीन गोलियां लगी थीं। उन्होंने कहा, एक गोली परविंदर के लिवर में लगी, जिससे उनकी मौत हो गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि उन्हें करीब से कई गोलियां मारी गईं। परविंदर सिंह झोटा सोशल मीडिया पर झोटा के नाम से मशहूर थे। वे मानसा और आसपास के इलाकों में मेडिकल स्टोर्स पर प्रतिबंधित कैप्सूल की बिक्री के





खिलाफ अभियान के लिए जाने जाते थे। उनकी कोशिशों के चलते कई ग्राम पंचायतों ने नशे के खिलाफ प्रस्ताव भी पारित किए थे। नशे से जुड़ी गतिविधियों के आरोपियों से उनकी टकराव की खबरें भी विवादों में रही थीं। इस हत्या के बाद शहर में तनाव का माहौल है। हालांकि, गोलीबारी के कारणों, आरोपी की पहचान और पुलिस कार्रवाई को लेकर अभी तक स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो पाई है। इस घटना पर पंजाब के पूर्व कांग्रेस प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने कहा, परविंदर सिंह झोटा की दिनदहाड़े हत्या भगवंत मान सरकार की विफल कानून-व्यवस्था और विफल युद्ध नशे के विरुद्ध का सीधा नतीजा है। वड़िंग ने एक्स पोस्ट में लिखा, परविंदर पंजाब में नशे के खिलाफ खड़े हुए लेकिन उनकी पहल को कभी भी आम आदमी पार्टी सरकार ने समर्थन नहीं दिया। उनकी दिनदहाड़े हत्या आप सरकार की गंभीर विफलताओं को उजागर करती है। मेरी संवेदनाएं पीड़ित परिवार और समर्थकों के साथ हैं। उन्होंने आगे लिखा, मैं 2023 में परविंदर के पिता और उनके परिवार से तब मिला था जब उन पर झूठा आरोप लगाकर उन्हें गिरफ्तार किया गया था। वाहेगुरु इस मुश्किल समय में परिवार को शक्ति दें।

पाकिस्तान में बड़ा रेल हादसा

कराची-पेशावर ट्रेन पटरी से उतरी, 6 लोगों की गई जान

- दुर्घटना के बाद राहत व बचाव अभियान शुरू किया गया

डेली आवाज भारती

पाकिस्तान में मंगलवार सुबह एक बड़ा रेल हादसा हो गया। कराची से पेशावर जा रही रहमान बाबा एक्सप्रेस पंजाब प्रांत के शेर शाह इलाके में पटरी से उतर गई। हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 यात्री घायल बताए जा रहे हैं। दुर्घटना के बाद मौके पर राहत और बचाव अभियान शुरू किया गया। रेस्क्यू अधिकारियों के मुताबिक, हादसे वाली जगह से ट्रेन के 13 डिब्बों को हटाया जा चुका है। दुर्घटना किन परिस्थितियों में हुई, इसका पता जांच के बाद ही चल सकेगा। जानकारी के अनुसार, रहमान बाबा एक्सप्रेस मंगलवार सुबह करीब 5:15 बजे शेर शाह इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हुई। ट्रेन कराची से पेशावर की ओर जा रही थी, तभी उसके डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसे के बाद राहत और बचाव टीमें मौके पर पहुंचीं और घायलों को सहायता उपलब्ध कराने का काम शुरू किया गया। रहमान बाबा एक्सप्रेस के पटरी से उतरने का कारण अभी आधिकारिक तौर पर सामने नहीं आया है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने रेल हादसे पर चिंता जताते हुए संबंधित अधिकारियों को राहत और बचाव अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने घायलों को बिना देरी के बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया।



पाकिस्तान में रेल हादसों का पुराना रिकॉर्ड

पाकिस्तान रेलवे और संबंधित अधिकारियों से आगे की जानकारी मिलने की उम्मीद है। पाकिस्तान में रेल दुर्घटनाएं लंबे समय से चिंता का विषय रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले पांच वर्षों में देश में 500 से अधिक रेल हादसे दर्ज किए गए हैं। रहमान बाबा एक्सप्रेस की दुर्घटना ने एक बार फिर रेल सुरक्षा और हादसों को रोकने के उपायों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

डॉलर के मुकाबले 94.50 के स्तर पर जा सकता है रुपया



नई दिल्ली । विदेशी मुद्रा भंडार मजबूत होने से डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया छोटी अवधि में 94.50 के स्तर तक जा सकता है। हालांकि, सरकार को देश में पूंजी प्रवाह को बढ़ाने के लिए संरचनात्मक उपाय करने होंगे। यह जानकारी सोमवार को जारी रिपोर्ट में दी गई। एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट में कहा गया कि वित्त वर्ष 27 में बैलेंस-ऑफ-पेमेंट्स (बीओपी) अधिशेष कम होकर लगभग 55-60 अरब डॉलर रह सकता है और भारत का विदेशी मुद्रा भंडार सबसे मुश्किल हालात में भी किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए काफी है।

परविंदर सिंह झोटा केसः जालंधर सांसद चन्नी बोले- यह घटना पंजाब के असली हालात दिखाती

डेली आवाज भारती

जालंधर/जतिनः मानसा में परमिंदर सिंह झोटा की मेडिकल स्टोर मालिक ने सरेआम बाजार में सुबह-सुबह गोलियां मारकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद इस मामले को लेकर विपक्षी पार्टियों ने पंजाब सरकार और लॉ एंड ऑर्डर पर सवाल खड़े किए हैं। वहीं जालंधर सांसद चरणजीत सिंह चन्नी ने भी पंजाब सरकार पर निशाना साधा है। चन्नी ने कहा कि फायरिंग की यह घटना राज्य के असली हालात दिखातीं हैं। सांसद चन्नी ने कहा कि परविंदर झोटा पंजाब में ड्रग्स की समस्या के



खिलाफ लड़ाई लड़ रहा था। ऐसे में परमिंदर सिंह पर हुई फायरिंग की घटना राज्य के असली हालात को दिखाती है। यह मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के उन दावों के बिल्कुल विपरीत है, जिनमें कहा गया है कि पंजाब में ड्रग्स की समस्या खत्म की जा रही है। कैसे ड्रग्स के खिलाफ़ लड़ने वाले एक व्यक्ति की ड्रग्स का धंधा करने वालों ने गोली मारकर कत्ल कर दिया।

ओएसडी राजबीर को लेकर भी सरकार को घेरा

चन्नी ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी खुलेआम ड्रग तस्करों और गैंगस्टरों को बचा रही है और पूरे पंजाब राज्य को उनके हवाले कर रही है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अब श्वेत ने पंजाब के मुख्यमंत्री के ह्रस्त राजबीर के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। यही वे लोग हैं जिन्होंने पंजाब को लूटा है और श्वेत जल्द ही उन सभी का पर्दाफ़ाश करेगी।

सीएम भगवंत मान के ओएसडी राजबीर घुम्मन के मामले में ईडी की एंट्री, जालंधर में केस दर्ज

- एक दिन पहले ही एससी ने गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगाई थी
- हालांकि, राहत सीबीआई की एफआईआर से जुड़ी कार्रवाई के संबंध में थी

डेली आवाज भारती

जालंधर/जतिनः पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के ओएसडी राजबीर सिंह घुम्मन से जुड़े मामले में अब प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी की एंट्री हो गई है। एजेंसी ने बुधवार को जालंधर में इस मामले को लेकर केस दर्ज किया है। यह कार्रवाई



ऐसे समय में हुई है, जब एक दिन पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने राजबीर घुम्मन को राहत देते हुए उनकी गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगाई थी। हालांकि, यह राहत सीबीआई की एफआईआर से जुड़ी कार्रवाई के संबंध में थी। ईडी ने जुलाई और अगस्त 2026 में पंजाब के DGP गौरव यादव को तीन चिट्ठियां भेजी थीं। इनमें मुख्यमंत्री कार्यालय से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी। एजेंसी ने आरोप लगाया था कि ट्रांसफर-पोस्टिंग, सरकारी टेंडर, नीतिगत फैसलों, जमीन और अन्य सरकारी मंजूरियों में कथित तौर पर दखल दिया गया। एजेंसी ने वॉट्सऐप चैट और दूसरे डिजिटल सबूत मिलने का भी दावा किया है। ईडी के मुताबिक, नितिन गोहल की भूमिका कथित बिचौलिये के तौर पर सामने आई। तलाशी के दौरान दस्तावेज और डिजिटल सामग्री मिली। एजेंसी के दावे के मुताबिक, नितिन गोहल से जुड़े मामले में 20.98 लाख रुपये नकद भी बरामद हुए। जांच में GMADA की जमीन, छ्रु यानी जमीन के इस्तेमाल में बदलाव, प्रॉपर्टी सौदों और रियल एस्टेट से जुड़ी कथित अनियमितताओं की भी जांच की जा रही है।

जालंधर में एक बार फिर मेडिकल स्टोर पर पुलिस की रेड

नशे की गोलियां बेचने के आरोप में बाप-बेटा अरेस्ट

- पुलिस ने आनंद के घर पर की रेड, दुकान को सील किया जाएगा

डेली आवाज भारती

जालंधर/जतिनः जालंधर में एक बार फिर पुलिस मेडिकल स्टोर पर रेड करने पहुंची। इस बार पुलिस ड्रग इंस्पेक्टर के साथ बस्ती बावा खेल अड्डा के पास आनंद मेडिकल स्टोर और प्रभजोत मेडिकल स्टोर पर पहुंची। मेडिकल स्टोर में रेड करने के बाद पुलिस ने आनंद के घर पर रेड करके बाप-बेटे को गिरफ्तार कर लिया। ACP आतिश भाटिया ने कहा कि ड्रग इंस्पेक्टर की टीम को चिट्ठी लिखकर दुकानदार का लाइसेंस रद्द करने की प्रक्रिया जारी की जा रही है और दुकान को सील किया जाएगा। ACP आतिश भाटिया ने बताया कि उन्हें बस्ती बावा खेल की दुकान पर नशीली गोलियां बेचने की जानकारी मिली थी। जिसके बाद पुलिस ने ग्राहक बनाकर एक व्यक्ति को दवाईयां लेने भेजा जहां दुकान से व्यक्ति एक हजार रुपए की नशीली दवाईयां लेकर आया। इसके बाद बस्ती बावा खेल थाना, थाना 5 और ड्रग इंस्पेक्टर टीम के साथ मिलकर दुकान पर रेड की गई।



100 से ज्यादा नशीली गोलियां बरामद

उन्होंने आगे बताया कि जब टीम ने रेड की तो पता चला कि दुकानदार नशीली गोलियों को पत्ते ने निकालकर किसी अन्य डिब्बे में खुली गोलियां डालकर उसे बेच रहा था। अब तक 100 से अधिक नशीली गोलियां बरामद हो चुकी है। पहले भी दुकान पर रेड की गई थी और दुकानदार को जेल भेजा गया था, लेकिन जेल से बाहर आने के बाद दुकानदार फिर से नशीली गोलियां बेचने लगा।

ड्रग माफिया को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री से तुरंत इस्तीफे की मांगः बीबा हरसिमरत कौर बादल

दावा किया कि आम आदमी पार्टी के कार्यकाल में ड्रग के खतरे ने महामारी का रूप ले लिया

डेली आवाज भारती

लुधियाना/सुकून महाजनः शिरोमणी अकाली दल की वरिष्ठ नेता बीबा हरसिमरत कौर बादल ने आज मुख्यमंत्री भगवंत मान के तत्काल इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में ड्रग माफिया इतना बेखौफ हो गया कि अब वह नशा विरोधी कार्यकर्ताओं का दिनदिहो कत्ल कर रहा है। हलका इंचार्ज हरप्रीत सिंह सिमक के साथ गिल हलके के देहलों में महिलाओं की एक विशाल सभा को संबोधित करते हुए बठिंडा सांसद ने कहा,'' जिस तरह से ड्रग विरोधी कार्यकर्ता परमिंदर सिंह झोटा का कत्ल किया गया इससे साबित हो गया है कि ड्रग माफिया को कानून का कोई डर नही है। उन्होने कहा कि यह स्वाभाविक ही है,क्योंकि



जब सरकार नशे के खतरे के खिलाफ आवाज उठाने वालों के खिलाफ बंदूक चलाना शुरू कर दे, जैसा कि हमने मोहनजीत सिंह शेरों और गुलजार सिंह के मामले में देखा है। उन्होने यह भी बताया कि कैसे पिछ्ले 5 महीनों में पांच एएसआई की हत्या कर दी गई जबकि नशा तस्करों को पुलिस ने कुछ ही दिनों में रिहा कर दिया और मुखबिरों को निशाना बनाया गया। बीबा हरसिमरत कौर बादल ने कहा कि नशे को खत्म करना मुख्यमंत्री का कर्तव्य है और उन्होने वादा किया था कि आम आदमी पार्टी के गठन के चार महीने के भीतर ही वह नशे की समस्या को राज्य से समाप्त कर देंगें। उन्होने कहा,'' इस खतरे को खत्म करना तो बहुत दूर की बात है, आम आदमी पार्टी के कार्यकाल में नशे की तस्करी एक गंभीर समस्या का रूप ले लिया है। उन्होने कहा कि झोटा का कत्ल और अन्य घटनाओं से यह साबित हो गया है कि ड्रग माफिया को आप पार्टी के नेताओं द्वारा आश्रय दिया जा रहा है और वह उनसे मासिक किश्तें भी ले रहे हैं। यह कहते हुए कि माताओं और बेटियों को इस व्यापार का सबसे ज्यादा खामियाजा भुगतना पे रहा है। बीबा बादल ने कहा,'' इन अपराधियों को मानवता के खिलाफ कृत्यों के लिए जवाबदेह ठहराने का समय आ गया है।''

उन्होने महिलाओं से अकाली दल द्वारा गठित माई भागो दी फौज में फॉर्म भरने का आग्रह किया। उन्होने कहा,'' हमने नशे के खिलाफ एक जनआंदोलन शुरू किया है और पंजाब की महिलाएं इस आंदोलन की अगुवाई कर रही हैं।'' उन्होने महिलाओं से तस्करों के साथ-साथ उनका संरक्षण करने वालों के नाम और नशे के कारोबार से संबंधित सभी जानकारियां इकटठा करने का आग्रह किया। उन्होने कहा,'' एक बार ऐसा हो जाने पर 2027 में अकाली दल की सरकार बनने पर इस डेटा का इस्तेमाल नशे के खतरे को हमेशा के लिए खत्म करने के लिए किया जाएगा।'' अकाली नेता ने कहा कि पाटर्ी की 'माई भागो दी फौज' के सदस्यों द्वारा दर्ज किए गए सभी आंके ों की जांच करने और सभी नर्शे यों को के ी सजा दिलाने के लिए एक महिला डीजीपी की अध्यक्षता में एक विशेष कार्यबल का गठन करेगी। उन्होने यह भी बताया कि नशा करने के आदी लोगों के लिए एक पुनर्वास कार्यक्रम भी शुरू किया जाएगा जिन्हे प्रशिक्षित किया जाएगा और एक नई शुरूआत करने के लिए कर्जा दिया जाएगा।

भारत को बढ़ती ऊर्जा मांग के चलते तेजी से बढ़ानी होगी कोयला आधारित क्षमताः सीईए चेयरमैन



नई दिल्ली । केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के चेयरमैन घनश्याम प्रसाद ने मंगलवार को कहा कि भारत को अपनी तेजी से बढ़ती ऊर्जा मांग को बनाए रखने के लिए रिन्यूएबल एनर्जी के विस्तार के साथ पहले लगाए गए अनुमान से अधिक कोयला आधारित ऊर्जा क्षमता को तैयार करना होगा। इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स के एक कार्यक्रम में सीईए प्रमुख ने कहा कि मांग के रुझानों की वजह से नीति निर्माताओं को आने वाले दशक में भरोसेमंद बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कोयले से बिजली बनाने की क्षमता बढ़ाने के पैमाने पर फिर से विचार करना पड़ सकता है।

भारत-इटली संबंधों को और मजबूत करने के उद्देश्य से नई दिल्ली में आयोजित संसदीय समूह की बैठक में सांसद मलविंदर सिंह कंग ने लिया हिस्सा

- पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री श्री पी. चिदंबरम और भारत में इटली के राजदूत महामहिम श्री तोमासो जिओर्डानो ने की बैठक की अध्यक्षता

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। श्री आनंदपुर साहिब से लोकसभा सदस्य सरदार मलविंदर सिंह कंग ने भारत और इटली के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने तथा आपसी सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नई दिल्ली में आयोजित भारत-इटली संसदीय समूह की बैठक में भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री श्री पी. चिदंबरम ने की, जबकि इटली की ओर से भारत



में इटली के राजदूत महामहिम श्री तोमासो जिओर्डानो ने प्रतिनिधित्व करते हुए बैठक का नेतृत्व किया। बैठक के दौरान भारत और इटली के बीच संबंधों को और सुदृढ़ बनाने तथा संसदीय स्तर पर संवाद और सहयोग बढ़ाने से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर नैनीताल से लोकसभा सांसद श्री अजय भट्ट और उत्तर प्रदेश से लोकसभा सांसद श्री करण भूषण सिंह भी उपस्थित रहे। बैठक में भारतीय सांसदों और इटली के राजदूत की भागीदारी दोनों देशों के बीच निरंतर संवाद और आपसी सहयोग के महत्व को रेखांकित किया।

पंजाब के मानसा में परविंदर झोटा की मौत से टूटा परिवार, पिता बोले-न मेरा बेटा बिका, न मैं बिकूंगा

एंटी-ड्रग एक्टिविस्ट की हत्या के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल

डेली आवाज भारती

मानसा। पंजाब के मानसा में एंटी-ड्रग एक्टिविस्ट परविंदर सिंह झोटा (45) की हत्या के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। मंगलवार सुबह एक मेडिकल स्टोर संचालक द्वारा गोली मारकर उनकी हत्या किए जाने की घटना ने इलाके में तनाव पैदा कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, झोटा को तीन गोलियां लगीं, जबकि उनके चार साथियों को भी गोली लगी है। बेटे की मौत के बाद मां और पिता ने भावुक होते हुए अपना दर्द बयां किया और सरकार व पुलिस प्रशासन पर गंभीर सवाल उठाए। बेटे को याद करते हुए उन्होंने कहा कि उनसे उनका अनमोल बेटा छीन लिया गया। उन्होंने इस घटना के



लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि सब कुछ बर्बाद हो गया है। उनका बेटा पैसों के लालच में झुकने वाला व्यक्ति नहीं था। परविंदर सिंह झोटा की मां बेटे के शव के पास बैठकर रोती-बिलखती नजर आई। उन्होंने बताया कि उनका बेटा पहले भी अपनी जान को खतरा होने की बात कहता था। मां के मुताबिक, परविंदर उनसे कहता था, 'मां, ये मुझे मार देंगे।' घर से निकलने से पहले परविंदर ने उनके पैर छुए थे और कहा था, 'मां, मेरा खाना तैयार रखना।' मां को अंदाजा नहीं था कि बेटे के साथ उनकी यह आखिरी मुलाकात साबित होगी। परविंदर के पिता भीमसेन ने भी बेटे की हत्या पर गहरा दुख जताया। पिता ने स्पष्ट शब्दों में कहा, 'न मेरा बेटा बिका था और न ही मैं कभी बिकूंगा।'

सरकार और पुलिस प्रशासन पर उठाए सवाल

परविंदर के पिता भीमसेन ने सरकार और पुलिस प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनके बेटे ने पंजाब की युवा पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए अपनी जान जोखिम में डालकर काम किया। परविंदर बिना किसी स्वार्थ के दिन-रात नशा तस्करों के खिलाफ संघर्ष करता रहा। उनके बेटे को सुरक्षा देने के बजाय उसे माफिया के भरोसे छोड़ दिया गया।

CMYK

page 2_Layout 1 13-10-2026 17:57 Page 1

नशा तस्करों पर शिकंजा कसने के साथ युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : नायब सिंह सैनी

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। हरियाणा को नशामुक्त करने और प्रदेश की युवा शक्ति को नशे के चंगुल से बचाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को 'संकल्प' (स्ह्यग्रस्क्क) सोसायटी की पहली बैठक की अध्यक्षता करते हुए युवाओं के भविष्य की रक्षा के लिए एक व्यापक और समन्वित रणनीति बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ सरकार के साथ-साथ समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है ताकि प्रदेश के युवाओं का भविष्य सुरक्षित रहे और नशे की समस्या पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। मुख्यमंत्री ने प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के लिए सात प्रमुख संकल्पों पर विशेष रूप से कार्य करने के निर्देश दिए। इनमें ड्रग मुक्त थाना क्षेत्र बनाना, तस्कर मुक्त जिला सुनिश्चित करना, नशे की गोलियों से मुक्त केमिस्ट शॉप, नशे के विरुद्ध परिवार का सहयोग, इलाज युक्त अस्पताल, सुविधा युक्त स्कूल, जहां नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता, विद्यार्थियों की काउंसलिंग और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण को बढ़ावा देना और युवाओं के लिए खेल एवं सकारात्मक गतिविधियों के बेहतर विकल्प उपलब्ध कराना। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का स्पष्ट संकल्प है–'नशा मुक्त हरियाणा, युवाओं के भविष्य को बचाना।' उन्होंने निर्देश दिए कि नशे की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते समय केवल नशा बेचने वाले व्यक्ति तक सीमित न रहा जाए, बल्कि यह भी पता लगाया जाए कि उसके पास नशीले पदार्थ कहां से पहुंचे और इसके पीछे कौन-सा नेटवर्क सक्रिय है। नशे की आपूर्ति के स्रोतों, तस्करी के नेटवर्क पर कड़ी निगरानी रखी जाए। पुलिस के सहयोग से नशा तस्करों के विरुद्ध प्रभावी जांच और समुचित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट एवं सख्त निर्देश दिए कि संकल्प सोसायटी को हर माह अपने कार्यों के ठोस परिणाम प्रस्तुत करने होंगे। यह भी आकलन किया जाएगा कि नशे की उपलब्धता कम करने, युवाओं को उपचार से जोड़ने और नशे की ओर दोबारा लौटने की प्रवृत्ति रोकने में कितनी सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्तर पर जवाबदेही तय होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार मैराथन, साइक्लोथोन और अन्य जन-जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर रही है। लेकिन अभियान का उद्देश्य केवल जागरूकता फैलाना नहीं, बल्कि नशे की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करना है। संकल्प सोसायटी को यह भी निगरानी करनी होगी कि कितने युवाओं को नशा मुक्ति केंद्रों तक पहुंचाया गया, कितने युवाओं ने अपना उपचार पूरा किया और उपचार के बाद वे दोबारा नशे की गिरफ्त में न आएं। इसके लिए उपचार के साथ-साथ निरंतर निगरानी, पुनर्वास और परिवार के सहयोग पर भी विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि नशे की समस्या से प्रभावित प्रत्येक व्यक्ति तक सहायता पहुंचे और युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए सकारात्मक अवसर, सही मार्गदर्शन तथा अनुकूल वातावरण मिले। इसी उद्देश्य के लिए सरकार ने 'संकल्प' सोसायटी का गठन किया है। इसके अंतर्गत गृह, स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास तथा अन्य संबंधित विभागों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित किया जाएगा, ताकि नशे की रोकथाम से लेकर पीड़ितों के उपचार और पुनर्वास तक सभी स्तरों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।

भारतीय सेना का सैन्य कौशल, इंग्लैंड में जीता जटिल पेट्रोलिंग का स्वर्ण पदक

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली । इंग्लैंड के वेल्स में आयोजित कैम्ब्रियन पेट्रोलिंग 2026 प्रतियोगिता में भारतीय दल ने स्वर्ण पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया। सेना के जवान यहां करीब 48 घंटे तक दुर्गम पहाड़ी इलाकों में लगातार आगे बढ़ते रहे। हर कदम पर शारीरिक क्षमता, मानसिक मजबूती और सैन्य कौशल की परीक्षा थी। कठिन रास्तों पर आगे बढ़ने के साथ दुश्मन की टोह लेना, सही दिशा पहचानना, घायल सैनिकों को सुरक्षित निकालना और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में तुरंत निर्णय लेना भी जरूरी था। इन सब चुनौतियों को पार करके जवानों ने अपना मिशन बखूबी पूरा किया। इस कामयाबी के साथ ही भारतीय सेना की असम रेजिमेंट के जवानों ने ब्रिटेन में अपनी बहादुरी, दमखम और सैन्य कौशल का लोहा मनवाया है। यहां दुनिया भर की 100 से अधिक टीमों के बीच कड़ी चुनौती व प्रतिस्पर्धा थी। चुनौती का सामना करते हुए भारतीय जवान उन चुनिंदा 10 टीमों में शामिल रहे, जिन्हें स्वर्ण पदक मिला। सेना के मुताबिक यह कोई सामान्य सैन्य प्रतियोगिता नहीं थी। ब्रिटिश सेना की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में वास्तविक युद्ध जैसी परिस्थितियां तैयार की जाती हैं। समय की सख्त सीमा और कठिन सैन्य कार्यों के बीच टीमों को अपनी क्षमता साबित करनी होती है। ऐसे में सफलता के लिए केवल शारीरिक ताकत ही नहीं, बल्कि सूझबूझ, अनुशासन, नेतृत्व और साथियों के बीच बेहतरीन तालमेल भी जरूरी होता है। ऐसी जटिल परिस्थितियों में असम रेजिमेंट के जवानों ने सामने आई सभी कसौटियों पर शानदार प्रदर्शन किया। कठिन भूभाग और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच उनके समन्वय, धैर्य और अभियान कौशल ने भारतीय सेना की उच्च प्रशिक्षण क्षमता को प्रदर्शित किया। रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार यह स्वर्ण पदक भारतीय सैनिकों की कठोर मेहनत, मजबूत इच्छाशक्ति और हर चुनौती के लिए तैयार रहने के जज्बे का प्रमाण है। यह चुनौती दुनिया की सबसे कठिन सैन्य गश्ती प्रतियोगिताओं में शामिल है। इस आयोजन में भारतीय दल की सफलता ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारतीय सेना की पेशेवर क्षमता को नई पहचान दी है। कठिन रास्ते, चुनौतीपूर्ण अभियान और दुनिया की 100 से अधिक टीमों के बीच यह स्वर्णिम जीत मिली है।

लद्दाख पर चीन के दावे को भारत ने किया खारिज

कहा- केंद्र शासित प्रदेश हमारा अभिन्न और अटूट हिस्सा

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली । लद्दाख के 28 स्थलों को भारतीय नक्शे में शामिल करने पर चीन की आपत्ति का भारत ने करारा जवाब दिया है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने साफ कहा है कि केंद्र शासित प्रदेश भारत का अभिन्न और अटूट हिस्सा है और चीन के इनकार से यह सच्चाई नहीं बदलने वाली। एमईए प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर भारत का रुख स्पष्ट किया। उन्होंने कहा, ÷हम दोहराते हैं कि केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख भारत का अभिन्न और अटूट हिस्सा है। चीनी पक्ष के इनकार से यह स्थापित तथ्य नहीं बदल सकता।÷ उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय की प्रेस विज्ञप्ति इस मामले में स्पष्ट है। दावा किया कि लद्दाख में स्थित 28 जगहों/विशेषताओं की पहचान भारतीय सर्वेक्षण विभाग के आधिकारिक नक्शे पर मानक नामों के साथ की गई है, और यह काम केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख और स्थानीय हितधारकों के परामर्श से किया गया है। जायसवाल ने कहा, भारतीय सर्वेक्षण विभाग के लद्दाख नक्शे पर इन स्थानों की औपचारिक रूप से पहचान करने का मकसद यह है कि लोग उन्हें सही ढंग से पहचान सकें और आम जनता में इनके बारे में बेहतर जानकारी उपलब्ध हो।÷ इससे पहले चीन ने भारत के इस कदम को %पूरी तरह गैरकानूनी% बताया था और दावा किया था कि लद्दाख के ये 28 स्थल हमेशा से चीन का हिस्सा रहे हैं। भारत ने 2 अक्टूबर को इन जगहों के नाम आधिकारिक तौर पर तय किए थे। इसे लेकर भारत सरकार ने एक बयान जारी किया था। ग्लोबल टाइम्स ने चीनी प्रवक्ता प्रवक्ता माओ निंग की प्रेस ब्रीफिंग के हवाले से इसकी जानकारी दी।

भारत के रुख पर हुए सवाल के जवाब में माओ निंग ने स्पष्ट किया कि ये इलाके उसके हैं और भारत के नाम बदलने या रखने से जमीन पर मालिकाना हक नहीं बदल जाएगा। उन्होंने कहा, ÷भारत का यह कदम अवैध और अमान्य है। इस तथ्य को नहीं बदला जा सकता कि दोनों देशों की सीमा का पश्चिमी भाग हमेशा से चीन का हिस्सा रहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने विरोध प्रदर्शनों की कवरेज कर रही महिला पत्रकारों पर कथित हमले के मामले में दिल्ली पुलिस को तलब किया

डेली आवाज भारती

कोर्ट ने दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी को गुरुवार को सुनवाई के दौरान मौजूद रहने और मामले पर स्पष्टीकरण देने का निर्देश



नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उन आरोपों का गंभीरता से संज्ञान लिया, जिनमें कहा गया है कि दिल्ली में विरोध प्रदर्शनों की कवरेज कर रहीं महिला पत्रकारों के साथ पुलिसकर्मियों ने मारपीट की। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी को गुरुवार को सुनवाई के दौरान मौजूद रहने और मामले पर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्य कांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची और वी. मोहना की बेंच ने यह टिप्पणी तब की जब सीनियर वकील इंदिरा जयसिंह ने 'नेटवर्क ऑफ वुमन इन मीडिया, इंडिया' की एक याचिका का जिक्र किया। इस याचिका में विरोध प्रदर्शनों को कवर करने वाले पत्रकारों, खासकर महिला पत्रकारों की सुरक्षा की मांग की गई थी। सीजेआई कांत की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि हम चाहेंगे कि कोई सीनियर अधिकारी यहां मौजूद रहे और इस बारे में जानकारी दे। इससे संकेत मिला कि पुलिस को इन आरोपों पर सफाई देनी होगी। कहा गया है कि 10 और 11 अक्टूबर को मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों को कवर कर रहे पत्रकारों के साथ बदसलूकी की गई, उन्हें हिरासत में लिया गया और उनके पेशेवर काम में बाधा डाली गई। वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायणन ने भी अदालत की अवमानना की एक अलग याचिका का जिक्र किया। इसमें आरोप लगाया गया कि पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट के 10 अक्टूबर के आदेश का उल्लंघन करते हुए पत्रकारों के साथ मारपीट की। सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों को निर्देश दिया था कि वे यह सुनिश्चित करें कि वकील, पत्रकार और अन्य पेशेवर अपने पेशेवर काम को बिना किसी बाधा के कर सकें। ये निर्देश जस्टिस जॉयमाल्य बागची और वी. मोहना की बेंच ने दिए थे। वे प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन से पहले लगाई गई पाबंदियों से जुड़े आदेश के उल्लंघन के आरोपों वाली अवमानना याचिकाओं पर सुनवाई कर रहे थे। कोर्ट ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया था कि वे मेट्रो और रेलवे सेवाओं के सामान्य कामकाज, बिना रुकावट इंटरनेट कनेक्टिविटी और लोगों की आवाजाही को सुनिश्चित करें। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया था कि कानून द्वारा तय प्रक्रिया के बिना किसी को हिरासत में न लिया जाए। यह बात खासकर उन शांतिपूर्ण और निहत्थे जमावड़ों के मामले में कही गई जो उन इलाकों के बाहर हो रहे थे, जहां भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू थी।

औद्योगिक पॉलीथिन के विकल्पों पर काम करें उद्यमी, प्रदूषण कम करने में दें योगदान : राव नरबीर सिंह



सब्सिडी की फाइलों पर बार-बार आपत्तियां लगाने से बचें अधिकारी

राव नरबीर सिंह ने कहा कि सब्सिडी या अन्य सरकारी सहायता के लिए आने वाली फाइलों पर अधिकारी बिना वजह आपत्तियां न लगाएं। यदि किसी फाइल में कोई कमी है, तो संबंधित अधिकारी एक ही बार में सभी कमियों और आपत्तियों की जानकारी दें, ताकि उद्यमी उनका समाधान करके फाइल को आगे बढ़ा सकें। बार-बार नई आपत्तियां लगने से अनावश्यक देरी होती है और उद्यमियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया अनावश्यक रूप से जटिल नहीं होनी चाहिए।

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। हरियाणा में औद्योगिक विकास को गति देने के साथ पर्यावरण संरक्षण और उद्यमियों की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने उद्योग जगत से औद्योगिक प्रदूषण को कम करने और ऐसी इंडस्ट्रियल पॉलीथिन के विकल्पों पर काम करने का आह्वान किया, जो आसानी से नष्ट नहीं होती और प्रदूषण बढ़ाती है। उन्होंने कहा कि उद्योगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण के अनुकूल विकल्पों की दिशा में आगे बढ़ना आज समय की मांग है। राव नरबीर सिंह मंगलवार को चंडीगढ़ स्थित अपने निवास पर एमएसएमई क्षेत्र से जुड़े लघु भारती उद्यमियों के साथ बैठक कर रहे थे। बैठक में उद्यमियों ने औद्योगिक प्रदूषण, औद्योगिक प्लॉट से जुड़े विषयों और रिहायशी क्षेत्रों में चल रहे उद्योगों के सर्वे सहित विभिन्न मुद्दे उठाए तथा अपनी समस्याओं से मंत्री को अवगत करवाया। मंत्री ने उद्यमियों को आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार उनकी समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर है और उन्हें अनावश्यक परेशानी नहीं आने दी जाएगी। बैठक में रोहतक, सोनीपत, हिसार, भिवानी, यमुनानगर सहित कई जिलों से लघु उद्योग भारती संगठन से जुड़े प्रतिनिधि पहुंचे थे। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री ने कहा कि हरियाणा में एमएसएमई क्षेत्र को प्रोत्साहित करने और उद्यमियों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा देने के लिए प्रत्येक जिले में चार-चार उद्यमी साथी लगाए गए हैं। इसका उद्देश्य उद्यमियों को विभागीय प्रक्रियाओं, योजनाओं और अन्य आवश्यकताओं के संबंध में मार्गदर्शन उपलब्ध करवाना तथा सिंगल विंडो के माध्यम से उनकी समस्याओं के समाधान में मदद करना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उद्योगों के विस्तार और नए निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए उद्यमियों को सहयोगपूर्ण माहौल उपलब्ध करवाना आवश्यक है। उद्यमियों की समस्याओं को सुनकर उनका उचित समाधान करना इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

पराली जलाने की रोकथाम के लिए युद्ध स्तर पर उतरें, अब समय बहुत कम : शिवराज सिंह चौहान

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। धान कटाई के मौजूदा सीजन में पराली (फसल अवशेष) प्रबंधन को मिशन मोड में अमलीजामा पहनाने के लिए मंगलवार को कृषि भवन, नई दिल्ली में महत्वपूर्ण अंतर-मंत्रालयी उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की सह-अध्यक्षता केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने की।

इस बैठक में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, दिल्ली-एनसीआर सहित प्रमुख राज्यों- पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के कृषि मंत्रीगण, केंद्रीय कृषि सचिव अतीश चंद्रा, केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन सचिव नरेंद्र भूषण सहित केंद्र एवं राज्यों के संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में दोनों केंद्रीय मंत्रियों ने दो-टूक कहा कि फसल कटाई और रबी बुवाई के बीच समय बहुत कम बचा है, इसलिए प्रशासनिक अमले को फाइलों से निकलकर सीधे जमीन पर युद्ध स्तर पर काम करना होगा। जिला स्तर पर जिलाधिकारियों (कलेक्टर्स) की त्वरित बैठकें आयोजित कर सख्त निगरानी और व्यावहारिक समाधान सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए गए। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बैठक में कहा कि धान की कटाई चल रही है और किसान को अगली फसल की बुवाई की जल्दी है। ऐसे में केवल यह कह देना कि पराली मत जलाओ, काफी नहीं होगा। हमें किसान को आसान, सुलभ और सस्ता विकल्प देना होगा। पराली जलाने से न सिर्फ वायु प्रदूषण होता है, बल्कि मिट्टी के मित्र कीट और पोषक तत्व जलकर राख हो जाते हैं। हमें अपनी धरती माता और मिट्टी की सेहत को बचाना है। पराली खेत में मिले तो जैविक खाद बनती है और खेत से बाहर जाए तो बायो-सीएनजी, बायो-इथेनॉल, बिजली और चारे के रूप में किसान की अतिरिक्त आमदनी का जरिया बनती है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल पराली की आग रोकना नहीं, बल्कि एक ऐसा सशक्त तंत्र विकसित करना है जिससे किसान को पराली जलाने की आवश्यकता ही न पड़े और पर्यावरण अनुकूल खेती के जरिए कार्बन क्रेडिट जैसी संभावनाओं का लाभ भी अन्नदाताओं को मिले। बैठक के दौरान प्रस्तुत आंकड़ों के विश्लेषण पर बोलते हुए चौहान ने कहा कि संतोष की बात है कि 15 सितंबर से 12 अक्टूबर की अवधि में पिछले वर्ष की तुलना में हरियाणा में पराली जलाने की घटनाओं में 53.3 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश में लगभग 32 प्रतिशत की उल्लेखनीय कमी आई है, साथ ही पंजाब में भी कुछ गिरावट दर्ज हुई है, लेकिन मध्य प्रदेश में पराली जलाने के मामले 55 से बढ़कर 277 (452 प्रतिशत की वृद्धि) और राजस्थान में 20 से बढ़कर 60 (200 प्रतिशत की वृद्धि) होना अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने इन दोनों राज्यों को आगाह करते हुए कहा कि प्रभावित जिलों और गांवों की पहचान कर तत्काल विशेष कार्ययोजना लागू की जाए। उन्होंने कहा कि अभी कटाई का एक बड़ा हिस्सा बाकी है, इसलिए जिन राज्यों में घटनाएं कम हुई हैं, वे भी कतई ढिलाई न बरतें और पूरी सतर्कता रखें।

वोट की गरिमा और संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा : कुमारी सैलजा

कहा, जाति, धर्म, क्षेत्र और राजनीतिक विचारधारा से ऊपर उठकर लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए उठने वाली आवाज देश की संवैधानिक व्यवस्था को मजबूत बनाने का संदेश देती

डेली आवाज भारती



सिरसा पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री कुमारी सैलजा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में दिल्ली की सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब इस बात का प्रमाण है कि देश की जनता संविधान, लोकतंत्र और अपने मताधिकार की रक्षा के लिए पूरी तरह जागरूक और एकजुट है। कुमारी सैलजा ने कहा कि जाति, धर्म, क्षेत्र और राजनीतिक विचारधारा से ऊपर उठकर लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए उठने वाली आवाज देश की संवैधानिक व्यवस्था को मजबूत बनाने का संदेश देती है। कांग्रेस पार्टी का स्पष्ट मानना है कि प्रत्येक नागरिक का वोट लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है और इसकी पवित्रता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। सांसद ने कहा कि कांग्रेस की मांग है कि कथित वोट चोरी के मामलों की निष्पक्ष जांच हो, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए तथा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार अपने पद से इस्तीफा दें। कुमारी सैलजा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की ओर मार्च का उद्देश्य केवल विरोध दर्ज कराना नहीं, बल्कि निष्पक्ष चुनाव, मताधिकार की सुरक्षा और संवैधानिक संस्थाओं की जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग उठाना है। कुमारी सैलजा ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए अपना शांतिपूर्ण और संवैधानिक संघर्ष जारी रखेगी। यह लड़ाई किसी एक राजनीतिक दल की नहीं, बल्कि देश के लोकतांत्रिक भविष्य और प्रत्येक नागरिक के अधिकारों की रक्षा की है।

बाहरी ताकतें भारत की शांति भंग कर अराजकता फैलाना चाहती हैं : अनिल विज

डेली आवाज भारती



चण्डीगढ। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि दिल्ली में सीजेपी व अन्य पार्टियों के प्रदर्शन पर के ा प्रहार करते हुए कहा कि मैने पहले भी कहा था कि बाहर की कुछ शक्तियां भारत की शांति को भंग कर यहां अराजकता फैलाना चाहती है। उसी के तहत यह उनके कहने पर ही काम कर रहे हैं। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने सवाल उठाते हुए कहा कि इन सभी को एक ही दिन दिल्ली में इकट्े ठा कौन करता है। उन्होंने जीवन में पहली बार देखा कि ये अदालत के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं। यानि जो निष्पक्ष अदालतें चल रही यह उन पर दबाव व प्रभाव डालना चाहते हैं कि फैसला उनके हक में हो। राहुल गांधी व अन्य पार्टियों ने तो कोर्ट की निष्पक्षता पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। विज आज पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आप (विपक्ष) केस फाइल करो जोकि पहले ही हुआ है, पहले ही अदालत ने इस पर नोटिस जारी किया और ये इसी मुद्दे को लेकर क्या सुप्रीम कोर्ट को डराने जा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट डरेगा नहीं, हमारे देश ही न्यायपालिका है वो निष्पक्ष होकर काम कर रही है उस पर कोई दबाव नहीं डाल सकता। विज ने कहा कि गांव ब्राह्मण माजरा, अम्बाला छावनी में आधुनिक डेयरी काम्पलेक्स बनाने के लिए हमने काफी समय पहले 21 एके भूमि जमीन ले ली थी जिसके नक्शे भी पास है। आधुनिक डेयरी काम्पलेक्स बनेगा जिसमें पशुओं का एरिया अलग होगा जबकि गवालों के लिए भी आराम करने के लिए रेस्ट हाउस होगा। उन्होंने कहा कि डेयरी काम्पलेक्स आने-जाने में दिक्कत न हो इसके लिए टांगरी नदी पर नया पुल भी बनाया जाएगा जोकि एकता विहार के निकट बनेगा ताकि ग्वालों को घूमकर न जाना पे ा पुल बनाने का टेंडर हो चुका है, बीच में कुछ अडचन आने की वजह से काम रूक गया था जोकि जल्द प्रारंभ होगा। उन्होंने कहा डेयरी काम्पलेक्स में एक स्थान पर सारे सारे शहर की डेयरियां होगी और शहर की सभी डेयरियों को बाहर निकाला जाएगा।

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बताया कि डेयरी शहर से बाहर होने पर शहर में गोबर की गंदगी नहीं होगी। हम आधुनिक डेयरी बनाकर दे रहे हैं जिसमें गोबर गैस प्लांट होगा तथा सोलर सिस्टम भी होगा बिजली उत्पादन हो सकेगा। इसी प्रकार डेयरी काम्पलेक्स में अन्य सुविधाएं भी होगी। गौरतलब है कि अम्बाला छावनी के गांव ब्राह्मण माजरा में आधुनिक डेयरी काम्पलेक्स बनाने के लिए सरकार से 60.19 करो राशि की स्वीकृति मिल चुकी है। जल्द यहां पर आधुनिक डेयरी काम्पलेक्स बनेगा जिसमें पशुओं व पशु मालिकों के लिए आधुनिक सुविधाएं होगी।

फिल्म 'हनुमान अंश के अभिनेता मनीष चौधरी ने मंत्री अनिल विज से मुलाकात कर आर्शीवाद लिया

बहुचर्चित बॉलीवुड फिल्म हनुमानअंश में नीम करोली बाबा के पिता का किरदार निभाने वाले अभिनेता मनीष चौधरी ने आज हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज से उनके आवास पर मुलाकात कर उनका आर्शीवाद लिया। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने अभिनेता की तारीफ करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और शॉल ओढाकर अभिनेता को सम्मानित किया। उन्होंने भारतीय संस्कृति और सनातन मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए फिल्म की खूब तारीफ की और कहा कि यह फिल्म बुलंदियां छू रही है। अभिनेता मनीष चौधरी ने बताया कि वह अम्बाला छावनी के एसडी कालेज के छात्र रहे हैं, उनके पिता सेना में अफसर थे और अम्बाला छावनी में तैनाती के दौरान कालेज से ही उन्होंने शिक्षा ग्रहण की।

CMYK

page 3_Layout 1 13-10-2026 18:30 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, संगरूर ⟫ बुधवार, 14 अक्तूबर 2026

लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने विधानसभा हलका जंडियाला गुरु से 68वीं तीर्थ यात्रा बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

- हर वर्ग के लोग बिना किसी आर्थिक बोझ के अपनी धार्मिक आस्था के अनुसार तीर्थ स्थलों के कर रहे हैं दर्शन – हरभजन सिंह ईटीओ

गांव नंगल दयाल सिंह की संगत श्री आनंदपुर साहिब, श्री कीरतपुर साहिब और श्री नैना देवी धाम के करेगी दर्शन

डेली आवाज भारती



जंडियाला गुरु/अमृतसर, (सलोनी नेहा गिल) – पंजाब के लोक निर्माण मंत्री स. हरभजन सिंह ईटीओ ने आज विधानसभा हलका जंडियाला गुरु के गांव नंगल दयाल सिंह से हलके की 68वीं तीर्थ यात्रा बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस तीर्थ यात्रा बस के माध्यम से संगत को श्री आनंदपुर साहिब, श्री कीरतपुर साहिब और श्री नैना देवी धाम के दर्शन करवाए जाएंगे। संगत को रवाना करने के अवसर पर कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना चलाई जा रही है, जिसके तहत प्रदेशवासियों को विभिन्न धार्मिक स्थलों के निःशुल्क दर्शन करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मान सरकार ने तीर्थ यात्रा योजना शुरू करके बुजुर्गों की तीर्थ यात्रा करने की मनोकामना पूरी की है। उन्होंने कहा कि भगवंत मान सरकार द्वारा प्रदेश के श्रद्धालुओं के लिए यह तीर्थ यात्रा पूरी तरह निःशुल्क है। उन्होंने बताया कि यात्रियों को धार्मिक स्थलों तक ले जाने और वापस लाने के अलावा यात्रा के दौरान ठहरने तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं के प्रबंध भी राज्य सरकार द्वारा किए जाते हैं, ताकि हर वर्ग के लोग बिना किसी आर्थिक बोझ के अपनी धार्मिक आस्था के अनुसार तीर्थ स्थलों के दर्शन कर सकें। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि अब तक प्रदेशभर में पांच लाख से अधिक यात्री विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन कर चुके हैं और प्रतिदिन पंजाब के अलग-अलग क्षेत्रों से विभिन्न धार्मिक स्थलों के लिए तीर्थ यात्रा बसें रवाना हो रही हैं।

उन्होंने कहा कि विधानसभा हलका जंडियाला गुरु में आज 68वीं तीर्थ यात्रा बस रवाना की गई है। तीर्थ यात्रा पर जा रहे गांव नंगल दयाल सिंह के बुजुर्गों ने पंजाब सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि मान सरकार ने उनकी मनोकामना पूरी की है। इस अवसर पर उन्होंने कैबिनेट मंत्री स. हरभजन सिंह ईटीओ का भी आभार व्यक्त किया।

पंजाब सरकार ने 'खेडां वतन पंजाब दीयां' के तहत युवाओं को खेलों से जोड़ने का सफल प्रयास किया : विधायक शेरी कलसी

विधायक शेरी कलसी ने बटाला में आयोजित राज्य स्तरीय वुशू खेलों में की शिरकत, खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

डेली आवाज भारती



बटाला, (अमंदीप संधू) – पंजाब के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधायक शेरी कलसी ने 'खेडां वतन पंजाब दीयां'-2026 (सीजन-4) के तहत स्थानीय आर.डी. खोसला मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बटाला में आयोजित राज्य स्तरीय वुशू खेल प्रतियोगिताओं में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात की और उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विधायक शेरी कलसी ने खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में और अधिक मेहनत करने तथा अपने माता-पिता, प्रशिक्षकों और क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पंजाब भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा 'खेडां वतन पंजाब दीयां' सीजन-4 का आयोजन किया जा रहा है। पंजाब सरकार ने युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए एक सफल प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। खेलों से जहां शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर बना रहता है, वहीं अनुशासन, आत्मविश्वास, सहनशीलता और सामूहिक भावना जैसे गुणों का भी विकास होता है। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी अधिक से अधिक भाग लेना चाहिए। विधायक ने कहा कि वुशू एक ऐसा खेल है, जो खिलाड़ियों को शारीरिक रूप से मजबूत बनाने के साथ-साथ मानसिक रूप से भी सशक्त बनाता है। इस तरह की खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने और भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियां हासिल करने के अवसर प्रदान करती हैं। विधायक शेरी कलसी ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि कड़ी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प से हर मंजिल हासिल की जा सकती है। उन्होंने खिलाड़ियों को नशे से दूर रहकर खेलों से जुड़ने का आह्वान भी किया। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और खेल विभाग के अधिकारियों के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर चेयरमैन मानिक मेहता, सिमरनजीत सिंह, जिला खेल अधिकारी गुरदासपुर, वरिष्ठ नेता जगतपाल महाजन, सुखराज सिंह, वरुण कुमार सहित खिलाड़ी और प्रशिक्षक मौजूद थे।

गांव अल्लापुर में जीती पड़ियाला ने की बैठक, पंजाब की कानून-व्यवस्था पर उठाए सवाल



डेली आवाज भारती

कुराली, संदीप अकालगढ़ियाः पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी मोहाली रणजीत सिंह जीती पड़ियाला की ओर से विधानसभा क्षेत्र खरड़ के गांव अल्लापुर में बैठक की गई। इस दौरान उन्होंने गांववासियों से मुलाकात कर गांव की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान को लेकर विचार-विमर्श किया। इस मौके पर रणजीत सिंह जीती पड़ियाला ने पंजाब की मौजूदा कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि राज्य में दिन-दहाड़े गोलियां चलने और आपराधिक घटनाओं की खबरें लोगों में डर और असुरक्षा की भावना पैदा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आम लोगों की जान-माल की सुरक्षा सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। लोगों को ऐसा माहौल मिलना चाहिए, जहां वे बिना किसी डर के अपना जीवन व्यतीत कर सकें। उन्होंने कहा कि पंजाब में कानून का राज कायम रखने के लिए पुलिस प्रशासन को अधिक जवाबदेह बनाने, आपराधिक तत्वों के खिलाफ सख्त और निष्पक्ष कार्रवाई करने तथा अपराधों को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की जरूरत है। उनके अनुसार, लोगों में सुरक्षा का विश्वास कायम करना बेहद जरूरी है। इस मौके पर हरिंदर सिंह शाहपुर, पूर्व डायरेक्टर मिल्क प्लांट मोहाली, कुलदीप सिंह सहौड़ां, सुरिंदर सिंह सहौड़ां, केस्सर सिंह अल्लापुर, गुरमीत सिंह नंबरदार, गोल्डी पंच अल्लापुर, जसकीरत सिंह वाइस प्रेसिडेंट आई.वाई.सी. मोहाली और दिलशरण सिंह सहित अन्य गांववासी मौजूद थे।

राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अर्शदीप सिंह ने जीता कांस्य पदक



डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): फिरोजपुर मंडल के प्रतिभाशाली खिलाड़ी अर्शदीप सिंह ने 65वीं राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए जेवलिन थ्रो स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर मंडल का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता 8 से 11 अक्टूबर तक नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित की गई। मालूमहो कि अर्शदीप सिंह जालंधर सिटी रेलवे स्टेशन पर सीनियर सीसी/टीसी के पद पर कार्यरत हैं। इससे पूर्व, उन्होंने कोलकाता के साल्ट लेक स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण ग्राउंड में आयोजित 91वीं अखिल भारतीय रेलवे एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया था। उनकी इस उपलब्धि पर मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक बसंत कुमार ने उन्हें बधाई देते हुए भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

चेयरमैन जोबन रंधावा ने गांव दबुर्जी में भरथवाल, दबुर्जी और बिशनीवाल के निवासियों को बांटे प्रॉपर्टी कार्ड

डेली आवाज भारती



फतेहगढ़ चूड़ियां/बटाला, (अमंदीप संधू) – पंजाब सरकार की 'मेरा घर-मेरे नाम' योजना के तहत गांव दबुर्जी में जिला योजना बोर्ड गुरदासपुर के सदस्य दलजीत सिंह लक्की के निवास स्थान पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान चेयरमैन एवं फतेहगढ़ चूड़ियां के हलका इंचार्ज जोबन रंधावा ने भरथवाल, दबुर्जी और बिशनीवाल के निवासियों को प्रॉपर्टी कार्ड वितरित किए। इस अवसर पर लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री पंजाब भगवंत सिंह मान की इस पहल के लिए दिल से धन्यवाद किया। इस अवसर पर बातचीत करते हुए जिला योजना समिति गुरदासपुर के चेयरमैन जोबन रंधावा ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार की इस पहल से जरूरतमंद लोगों को अपने घरों का सीधा मालिकाना हक और पक्की रजिस्ट्री का अधिकार मिला है। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा शुरू की गई 'मेरा घर-मेरे नाम' योजना का मुख्य उद्देश्य लाल लकीर के भीतर रहने वाले पंजाब के प्रत्येक पात्र परिवार को उसके घर का मालिकाना हक दिलाना है। इस दिशा में यह योजना मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि गांवों में बहुत से परिवार दशकों से लाल डोरे के भीतर रह रहे हैं। मालिकाना हक का औपचारिक रिकॉर्ड नहीं होने के कारण इन परिवारों को अपने जीवन में कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। इस योजना ने ऐसी समस्याओं के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि इस जनहितैषी पहल ने लाल लकीर के भीतर रहने वाले लोगों के सम्मान और सुरक्षा को और मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि मालिकाना हक मिलने से लोगों में अपने घरों की देखभाल, सुधार और भविष्य की योजनाएं बनाने को लेकर विश्वास बढ़ेगा। इसके साथ ही वे अपनी संपत्तियों की खरीद-फरोख्त भी कर सकेंगे।

खरड़ के गांव रोड़ा और सिल में श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित विशेष डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई

डेली आवाज भारती



खरड़ः संदीप अकालगढ़िया : पंजाब सरकार द्वारा श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित उनके जीवन, शिक्षाओं और समाज को दिए गए महान योगदान के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी के तहत खरड़ ब्लॉक के गांव रोड़ा और सिल में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से 30 मिनट की विशेष डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। डिप्टी कमिश्नर श्रीमती कोमल मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रयास का उद्देश्य श्री गुरु रविदास जी महाराज के जीवन और उनकी महान शिक्षाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना है, ताकि लोग उनके विचारों से प्रेरणा ले सकें। उन्होंने कहा कि डॉक्यूमेंट्री फिल्म के माध्यम से संगत को श्री गुरु रविदास जी महाराज के जीवन, उनकी वाणी और मानवता की भलाई के लिए दिए गए संदेश से परिचित करवाया गया। गुरु साहिब ने अपनी वाणी और विचारों के माध्यम से समाज में समानता, आपसी मेल-जोल, भाईचारे और मानवता के सम्मान का संदेश दिया। उनकी शिक्षाएं मनुष्य को जात-पात, भेदभाव और सामाजिक विभाजन से ऊपर उठकर सभी के साथ समानता और सम्मान का व्यवहार करने की प्रेरणा देती हैं। पंजाब सरकार द्वारा श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित यह प्रयास गांव स्तर पर संगत को गुरु साहिब के जीवन और दर्शन से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। एलईडी स्क्रीन के माध्यम से दिखाई जा रही इस विशेष डॉक्यूमेंट्री से लोगों को गुरु साहिब की शिक्षाओं को समझने और उन्हें अपने जीवन में अपनाने का अवसर मिल रहा है।

'खेड़ां वतन पंजाब दियां' सीजन-4 के तहत बटाला में राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता के रोमांचक मुकाबले

लड़कियों की प्रतियोगिता में जिला गुरदासपुर ने ओवरऑल पहला स्थान हासिल किया

डेली आवाज भारती



बटाला, (अमंदीप संधू) – मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर खेल विभाग द्वारा प्रदेश में खिलाड़ियों की प्रतिभा की पहचान करने, खेलों के प्रति अनुकूल माहौल बनाने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पंजाब खेड़ां वतन पंजाब दियां-2026 (सीजन-4) के तहत राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता का आयोजन आर.डी. खोसला मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बटाला (जिला गुरदासपुर) में करवाया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17, अंडर-21, 21 से 30 वर्ष तथा 31 से 40 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने भाग लिया। लड़कियों की प्रतियोगिता में जिला गुरदासपुर ने ओवरऑल पहला स्थान हासिल किया। जिला खेल अधिकारी सिमरनजीत सिंह ने बताया कि इस टूर्नामेंट में नगर निगम बटाला के मेयर भूपिंदर सिंह और आर.डी. खोसला सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बटाला की प्रिंसिपल श्रीमती बिंदू भल्ला ने भी शिरकत की। जिला खेल अधिकारी सिमरनजीत सिंह ने बताया कि अंडर-17 वर्ग में चांगक्कान खेल में जिला गुरदासपुर की कोमलप्रीत कौर ने कांस्य पदक, नानक्कान खेल में लवली सलारिया ने रजत पदक, ताइजिक्कान खेल में कोमलप्रीत कौर ने स्वर्ण पदक, गुनशू खेल में अक्षप्रीत कौर ने रजत पदक, कियांगशू खेल में तकरीर कौर ने रजत पदक, नंगुन खेल में हरगुनप्रीत कौर ने रजत पदक, दाओशू खेल में खुशमीत कौर ने रजत पदक, जियानशू खेल में परलदीप कौर ने कांस्य पदक, ताइजिजियान खेल में मधु ने रजत पदक और नंदाओ खेल में साक्षी कुमारी ने कांस्य पदक हासिल किया। इसी तरह अंडर-14 वर्ग में चांगक्कान खेल में जीवन कौर ने कांस्य पदक, नानक्कान खेल में सीरत ने कांस्य पदक, ताइजिक्कान खेल में मनरीत कौर ने स्वर्ण पदक, नंगुन खेल में रमनीक कौर ने स्वर्ण पदक, दाओशू खेल में खुशदीप कौर ने रजत पदक, जियानशू खेल में निमरतदीप कौर ने स्वर्ण पदक, ताइजिजियान खेल में रणविंदरजीत कौर ने रजत पदक और नंदाओ खेल में महकप्रीत कौर ने कांस्य पदक हासिल किया।

एस.डी.एम द्वारा ड्रग हॉटस्पॉट क्षेत्रों का दौरा, लोगों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील

डेली आवाज भारती



एस.डीएम अभिषेक शर्मा ड्रग हॉटस्पॉट क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): पंजाब सरकार द्वारा चलाई गई मुहिम 'युद्ध नशे के विरुद्ध' के तहत एस.डी.एम अभिषेक शर्मा ने फिरोजपुर के विभिन्न ड्रग हॉटस्पॉट क्षेत्रों फिरोजशाह, करमिती, तलवंडी भाई, घल्लखुर्द आदि का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ डी.एस.पी करण शर्मा भी थे। इस मौके पर एस.डी.एम. अभिषेक शर्मा ने विभिन्न ड्रग हॉटस्पॉट क्षेत्रों में जहाँ खाली पड़ी इमारतों का जायजा लिया, वहीं स्थानीय लोगों से बातचीत भी की। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार और पुलिस प्रशासन सूबे में से नशे की बुराई को जड़ से खत्म करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से बचाना और उनके भविष्य को सुरक्षित बनाना हम सबकी साझा जिम्मेदारी है। इस दौरान उन्होंने ड्रग हॉटस्पॉट इलाकों में सीसीटीवी कैमरे, लाइटें, खेल के मैदान आदि के प्रबंध की भी समीक्षा की गई। उन्होंने इलाका निवासियों की मुश्किलें सुनीं और मौके पर अधिकारियों को उनका जल्द से जल्द हल करने का निर्देश दिया। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी नशा तस्कर के बारे में जानकारी बिना किसी डर के उनके साथ साझा की जाए। जानकारी देने वाले की पहचान बिल्कुल गुप्त रखी जाएगी। इस मौके पर रोजगार दफ्तर के प्लेसमेंट अफसर गुरजंट सिंह, स्वास्थ्य विभाग और अन्य विभागों के अधिकारी आदि भी हाजिर थे।

2 ग्राम हेरोइन और 18 बोतल अवैध शराबसहित दो गिरफ्तार

- गिरफ्तार लोगों पर एनडीपीएस एक्ट और आबकारी अधिनियम तहत मामलें दर्ज

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना गुरुहरसहाय की पुलिस ने उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए 2 ग्राम हेरोइन और 18 बोतल अवैध शराब सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों पर एनडीपीएस एक्ट और आबकारी अधिनियम तहत मामले दर्ज किए है। जानकारी देते हुए थाना गुरुहरसहाय के एएसआई गुरदीप सिंह ने बताया कि बात दिन उन्होंने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर बंद पड़े गौदाम बस्ती डेरीयां वाली में छापेमारी करके वहां से दोषी परविन्द्र सिंह पुत्र हरबंस सिंह वासी राऊके हिठाड़ को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 2 ग्राम हेरोइन बरामद की है। जबकि दूसरे मामले संबंधी इसी थाने के एएसआई गुरदेव सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर नहर पुल मोहनके उताड़ के नजदीक से जज सिंह पुत्र जगा सिंह वासी मोहनके उताड़ को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 18 बोतल अवैध शराब बरामद की है। मामलों की जांच कर रहे गुरदीप सिंह व गुरदेव सिंह ने बताया कि पुलिस ने गिरफ्तार लोगों के खिलाफ मामले दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

परमिंदर सिंह गोल्डी ने वार्ड नंबर 24 में पेयजल आपूर्ति सुधारने के लिए नए ट्यूबवेल का काम करवाया शुरू

डेली आवाज भारती



खरड़/संदीप अकालगढ़िया : खरड़ के वार्ड नंबर 24 स्थित म्यूनिसिपल पार्क में लोगों को पेश आ रही पीने के पानी की समस्या के समाधान के लिए हलका इंचार्ज खरड़ एवं पंजाब यूथ विकास बोर्ड के चेयरमैन सरदार परमिंदर सिंह गोल्डी द्वारा नए ट्यूबवेल की ड्रिलिंग का काम शुरू करवाया गया। पुराना ट्यूबवेल खराब होने के कारण क्षेत्रवासियों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए नया ट्यूबवेल लगाने का काम शुरू किया गया है। इसके शुरू होने से वार्ड नंबर 24 के निवासियों को पानी की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। इस मौके पर खरड़ के कार्यकारी अधिकारी (ईओ) श्री अशोक पथरिया ने बताया कि इस नए ट्यूबवेल पर करीब 47 लाख रुपये की लागत आएगी। इसके चालू होने से क्षेत्र में पीने के पानी की आपूर्ति को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। सरदार परमिंदर सिंह गोल्डी ने कहा कि लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाना और उनकी समस्याओं का समय पर समाधान करना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों को पानी से संबंधित आ रही परेशानी को दूर करने के लिए यह प्रयास किया गया है। इस मौके पर कार्यकारी अधिकारी अशोक पथरिया सहित नगर परिषद का कार्यालय स्टाफ, ब्लॉक समिति खरड़ के चेयरमैन रघुबीर सिंह मोदी, मीडिया इंचार्ज बलजीत सिंह, राम स्वरूप, मनजीत सिंह, सुखविंदर बाठ सहित स्थानीय नेता और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

page 4_Layout 1 13-10-2026 21:28 Page 1

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट द्वारा विभिन्न प्रतिबंधों के आदेश जारी

विवाह समारोह या अन्य आयोजनों के समय हथियार लेकर चलने पर मनाही

- अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट द्वारा चौराहों, मुख्य सडक़ों, सरकारी जमीन आदि पर होर्डिंग लगाने पर प्रतिबंध
- सरकारी/गैर-सरकारी भवनों पर गंदे और अश्लील पोस्टर लगाने पर मनाही

डेली आवाज भारती



जानकारी देती हुई अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट फिरोजपुर डा.अमनदीप कौर।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट फिरोजपुर डा.अमनदीप कौर ने जिला फिरोजपुर में विभिन्न प्रतिबंधों के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश जारी होने की तारीख से 2 महीने तक लागू रहेंगे। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने फिरोजपुर की हद के भीतर विवाह समारोह या अन्य आयोजनों के समय हथियार लेकर चलने पर मनाही के आदेश जारी किए हैं। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने किसी भी सरकारी जमीन पर, रास्ते पर, सडे या चौराहे पर संबंधित नगर परिषद, कैंटोनमेंट बोर्ड, नगर पंचायत, ग्राम पंचायत या संबंधित विभाग की अनुमति के बिना किसी भी तरह की होर्डिंग लगाने पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाया है, ऐसा इसलिए किया गया है क्योंकि विभिन्न धार्मिक, राजनीतिक और अन्य संगठनों या निजी व्यक्तियों द्वारा शहरों और गांवों में चौराहों या मुख्य सडे ों पर होर्डिंग लगा दिए जाते हैं, ये होर्डिंग ऐसी जगहों पर लगा दिए जाते हैं, जिससे यातायात में बाधा पड़ती है और दुर्घटना होने का खतरा पैदा हो जाता है। इसके अलावा इन होर्डिंगों पर किसी भी तरह की गलत भाषा लिखे जाने पर विभिन्न संप्रदायों के लोगों में रोष की लहर पैदा हो जाती है, जिससे अमन और कानून भंग होने का अंदेशा बन जाता है। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने एक ओर मनाही के आदेश के माध्यम से जिले में सरकारी/गैर-सरकारी भवनों/स्थानों पर गंदे और अश्लील पोस्टरों के लगाए जाने पर प्रतिबंध लगाया है। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने आदेश जारी किया है कि कोई भी व्यक्ति सरकारी सडे की जमीन/लिंक सडे ों से सटी जगह पर अवैध कब्जा ना करे, क्योंकि ऐसा करने से जनता की असुरक्षा बढ़ती है और जान-माल का नुकसान हो सकता है।

पंजाब गवर्नमेंट पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा मासिक बैठक का आयोजन



पंजाब गवर्नमैंट पेंशनर्स एसोसिएशन के पदधिकारी बैठक में जानकारी देते हुए।

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): पंजाब गवर्नमेंट पेंशनर्स एसोसिएशन फिरोजपुर की मासिक बैठक गुरप्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुई । इस अवसर पर अजीत सिंह सोढ़ी सचिव ने दिनांक 10 अक्तूबर को संगरूर की महा रैली में भारी संख्या में पहुंचने वाले सभी साथियों का धन्यवाद किया और मासिक बैठक की शुरुआत की। इस अवसर पर गुरप्रताप सिंह अध्यक्ष, ओपी गाबा एडवोकेट संरक्षक, स.बूटा सिंह उपाध्यक्ष, दीपक कुमार महासचिव, दिनेश कुमार कटारिया और सुनील कुमार (रिटा.) एसडीओ ने पंजाब सरकार द्वारा कर्मचारियों की जायज मांगों को ना मानने और कर्मचारियों के प्रति की जा रही अनदेखी का पुरजोर शब्दों में विरोध किया। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार कर्मचारियों और पेंशनरों की कोई भी मांगें नहीं मान रही है, जिसके संबंध में बड़े एक्शन किए जाएंगे, जिसकी सारी जिम्मेदारी पंजाब सरकार की होगी। । पेंशनरों ने पंजाब सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। इस अवसर पर पीपल सिंह सांझा फ्रंट के कोऑर्डिनेटर और महेंद्र सिंह महासचिव सीनियर सिटीजन कौंसिल ने बताया कि सरकार ने ना डी.ए की मांग पूरी की, न 15-1-15 और ना 17-7-20 का पत्र वापस लिया और ना ही 2.59 फैक्टर पूरा करने के बारे में बात की, बल्कि हर मोर्चे पर झूठ बोलकर समय टाल रही है।

जीरा एवं मक्खू पुलिस ने विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए 3 किलो 5 ग्राम हेरोइन बरामद की

गिरफ्तार किए दो लोगों के साथ-साथ अज्ञात व्यक्तियों पर एनडीपीएस एक्ट तहत मामले दर्ज

- पुलिस ने मामलों की कर रही जांच, अहम सुराग हाथ लगने का संभावना : डीएसपी

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना जीरा सिटी एवं थाना मक्खू की पुलिस ने डीएसपी जसपाल सिंह ढिल्लों के दिशा निर्देशानानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए करोड़ों की 3 किलो हेरोइन बरामद करने के साथ-साथ दो लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से पांच ग्राम हेरोइन बरामद की है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों के साथ-साथ अज्ञात लोगों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत मामलें दर्ज किए है। जानकारी देते हुए डीएसपी जसपाल सिंह ढिल्लों ने बताया कि थाना मक्खू के एएसआई गुरजंट सिंह की तरफ से बीते दिन साथी कर्मचारियों के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान सूचना के अधार पर छापेमारी करके करोड़ों रुपए की कीमत की 3 किलो हेरोइन बरामद की है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने उक्त मामलें में अज्ञात व्यक्तियों पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामलें में दोषियों व अज्ञात व्यक्तियों पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।



जानकारी देते हुए डीएसपी जसपाल सिंह ढिल्लों।

अमृतसर में ड्रग तस्करी और अवैध हथियारों के 5 नेटवर्क का पर्दाफाश, 10 आरोपी गिरफ्तार

डेली आवाज भारती



अमृतसर । पंजाब के अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने नशा तस्करी और अवैध हथियारों की सप्लाई के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पांच नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से छह पिस्तौल, 4.409 किलोग्राम हेरोइन, 500 ग्राम अफीम, नशीले पदार्थों की बिक्री से अर्जित 12.90 लाख रुपये, 12 जिंदा कारतूस और एक ड्रोन बरामद किया गया है। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने ड्रग तस्करी और अवैध हथियारों की सप्लाई करने वाले पांच नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई की है। इस संबंध में पांच अलग-अलग प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की गई हैं। डीजीपी के मुताबिक, शुरुआती जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी नशीले पदार्थों और अवैध हथियारों की सप्लाई में शामिल थे। पुलिस अब इन नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने में जुटी है। मामले की आगे की जांच जारी है। जांच के दौरान नशा तस्करी और हथियारों की सप्लाई से जुड़े पूरे नेटवर्क का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि आरोपियों को नशीले पदार्थ और हथियार कहां से मिलते थे तथा इन्हें किन लोगों तक पहुंचाया जाता था। डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि पंजाब पुलिस नशा तस्करी और अवैध हथियारों के नेटवर्क को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। पुलिस का लक्ष्य राज्य को सुरक्षित और नशामुक्त बनाना है। पंजाब पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन नंबर 93946-93946 के जरिए वांटेड अपराधियों और गैंगस्टरों से जुड़ी जानकारी बिना अपनी पहचान बताए दे सकते हैं। इस हेल्पलाइन पर अपराध और आपराधिक गतिविधियों से जुड़ी कोई भी सूचना साझा की जा सकती है। वहीं दूसरी तरफ, पुलिस की टीमों ने ड्रग्स के खिलाफ अपना अभियान 'युद्ध नशियां विरुद्ध' 590वें दिन भी जारी रखा है। अभियान में 196 ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से 923 ग्राम हेरोइन, 700 ग्राम अफीम, 1001 नशीली गोलियां और ड्रग मनी के 7,900 रुपए बरामद किए गए।

सड़क हादसे में घायल अज्ञात व्यक्ति की पीजीआई में मौत, पुलिस ने शिनाख्त के लिए जारी किया हुलिया

- 12 अक्टूबर को हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुआ था करीब 35 वर्षीय युवक
- पुलिस ने शव को 72 घंटों के लिए पीजीआई के मुर्दाघर में रखवाया

डेली आवाज भारती

जीरकपुर/तरनप्रीत सिंह गिल : जीरकपुर के भाभट रोड पर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में घायल हुए व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे में उसकी जान तो नहीं बच सकी, लेकिन अब उसकी पहचान पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। 12 अक्टूबर को हुए हादसे के बाद गंभीर हालत में घायल करीब 35 से 36 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति को पीजीआई चंडीगढ़ में दाखिल करवाया गया था, जहां



इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान न हो पाने के कारण जीरकपुर पुलिस उसके परिवार और वारिसों तक पहुंचने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। पुलिस के अनुसार, मृतक के शव को फिलहाल पीजीआई चंडीगढ़ के मुर्दाघर में रखवाया गया है। शिनाख्त के लिए शव को 72 घंटों तक वहीं रखा जाएगा, ताकि उसके परिजनों का पता लगाकर उन्हें सूचित किया जा सके।

नीली टी-शर्ट पर लिखा है 'इनोवेशन'

पुलिस द्वारा जारी किए गए हुलिया के अनुसार, मृतक की उम्र लगभग 35 से 36 वर्ष, कद 5 फीट 8 इंच और शारीरिक बनावट सामान्य/स्वस्थ है। उसका रंग गेहुँआ है, सिर के दोनों तरफ से बाल छोटे हैं, जबकि दाढ़ी में सफेद बाल हैं। हादसे के समय उसने नीले रंग की टी-शर्ट पहनी हुई थी, जिस पर इनोवेशन लिखा हुआ है।

पहचान के लिए पुलिस ने आम लोगों से मांगा सहयोग

जीरकपुर पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यदि कोई भी व्यक्ति इस हुलिया के आधार पर मृतक को पहचानता है या उसके परिवार के बारे में कोई जानकारी रखता है, तो वह तुरंत जीरकपुर थाने से संपर्क करे, ताकि मृतक की पहचान सुनिश्चित कर शव परिजनों के हवाले किया जा सके।

पंजाब में 2.01 करोड़ वोटर्स के साथ फाइनल वोटर लिस्ट प्रकाशित : सीईओ अनिंदिता

चंडीगढ़ । पंजाब की मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनिंदिता मित्रा ने राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के पूरा होने और फाइनल इलेक्टोरल रोल के प्रकाशन की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि फाइनल वोटर लिस्ट छप कर प्रकाशित हो चुकी है और इसे मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर भी अपलोड कर दिया गया है। इसके साथ ही सभी राजनीतिक दलों के साथ सीईओ स्तर और जिला स्तर पर यह सूची साझा कर दी गई है। आईएएनएस से बात करते हुए सीईओ अनिंदिता मित्रा ने कहा कि फाइनल इलेक्टोरल रोल का प्रकाशन हो चुका है। उन्होंने बताया कि ड्राफ्ट रोल 13 अगस्त को प्रकाशित किया गया था, जिसमें करीब 1 करोड़ 94 लाख मतदाता पंजीकृत थे। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार यह संख्या 1,93,94,000 के आसपास थी। ड्राफ्ट रोल के प्रकाशन के बाद मतदाताओं से दावे और आपत्तियां मांगी गई थीं। इसके लिए लोगों से अपील की गई थी कि अगर किसी का नाम इस सूची में रहने से छूट गया है या किसी को नया वोट बनवाना है तो वह संपर्क कर फॉर्म नंबर 6 भर सकता है।

पुलिस ने 1300 रुपए की दड़ा-सट्टा राशि सहित दो को गिरफ्तार किया

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना कुलगड़ी की पुलिस ने बीते दिन समाज विरोधी अनसरों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर दो लोगों को दड़ा-सट्टा लगवाते हुए गिरफ्तार करके उनके कब्जे से सट्टा राशि बरामद की है। उक्त मामलें में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों के खिलाफ जुआ एक्ट की धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना कुलगड़ी के एएसआई बलदेव सिंह ने बताया कि उन्हें बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान सूचना मिली थी कि दीपक कुमार उर्फ दीपू पुत्र किशोर चंद वासी चुंगी नंबर 8 फरीदकोट रोड फिरोजपुर व सुमित पुत्र विजय कुमार वासी गवाल मंडी छावनी फिरोजपुर को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से दड़ा-सट्टा की 1300 रुपए की जुआ राशि बरामद की है। मामले की जांच कर रहे बलदेव सिंह ने बताया कि पुलिस ने दीपक व सुमित पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

माजरी में परविंदर झौंटा की हत्या के विरोध में प्रदर्शन, ड्रग्स के खिलाफ लामबंद हुए लोग



डेली आवाज भारती

माजरी/(हरतेज सिंह तेजी : लोक हित मिशन, बीकेयू पंजाब, अकाली दल वारिस पंजाब और अन्य समाज सेवियों द्वारा परविंदर झौंटा की हत्या के रोष स्वरूप माजरी ब्लॉक में एक जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान मिशन के नेताओं-गुरमीत सिंह शांटू, रविंदर सिंह बजीदपुर, भगत सिंह भगतमाजरा, मनदीप सिंह खिदराबाद, कुलवंत सिंह संगतपुरा, वारिस पंजाब के हरजिंदर सिंह मुंधों, हरजिंदर सिंह देसूमाजरा, साहिब सिंह बडाली, समाजसेवी जगदेव सिंह मलोआ और सतनाम सिंह टांडा ने कड़े शब्दों में कहा कि इस नशे के मुख्य सरगना राजनीतिक नेता और अफसरशाही हैं।

नेताओं ने आगे कहा कि हमारी अपनी चुप्पी भी इसका एक मुख्य कारण है, जिसके चलते पंजाब के एक कोने से लगी नशे की यह आग आज हर गांव और शहर तक पहुँचने के बाद हर घर के दरवाजे पर दस्तक दे रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि अब झौंटा की शहादत के बाद हमें सावधान होकर खुद कमर कसकर चिट्टे (नशे) के खिलाफ मैदान में उतरना होगा, वरना पंजाब का हर नौजवान इस राक्षस का शिकार बन जाएगा। इस रोष प्रदर्शन के अवसर पर दर्शन सिंह खेड़ा, सरबजीत सिंह संगतपुरा, साधू सिंह संगतपुरा, राम सिंह अभीपुर, जसविंदर सिंह पप्पा, गुरदीप सिंह महरमपुर, छज्जू राणा माजरी, कुलवंत सिंह बूथगढ़, जशनप्रीत सिंह माजरी, शेर सिंह नंबरदार, भीम सिंह मुंधों, कुलभूषण सिंह कंसला आदि गणमान्य व्यक्ति भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

शक्की हालत में 15 वर्षीय नाबालिग लापता

जीरकपुर/तरनप्रीत सिंह गिल स्थानीय क्षेत्र के भुड्डा गांव से एक 15 वर्षीय नाबालिग लड़की के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लड़की की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में उत्तर प्रदेश के संभल जिले के मूल निवासी और हाल भुड्डा निवासी पिता ने बताया कि उनकी सबसे बड़ी बेटी वीआईपी रोड स्थित घरों में साफ-सफाई का काम करती थी। वह रोजाना सुबह करीब आठ बजे काम पर जाती थी और दोपहर तीन से चार बजे के बीच घर लौट आती थी। बीती 9 अक्टूबर को भी वह रोजाना की तरह सुबह आठ बजे काम के लिए निकली थी, लेकिन न तो वह अपने निर्धारित ठिकाने पर पहुंची और न ही वापस लौटी। परिजनों द्वारा रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में काफी तलाश करने के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं मिला, तो पिता ने जीरकपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि कोई अज्ञात व्यक्ति उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर और शादी का झांसा देकर अपने साथ ले गया है।

मुल्लांपुर के मुख्य प्रवेश द्वार से हटाए गए कूड़े के ढेर, अब कचरा फेंकने पर लगेगा 5000 रुपये जुर्माना

डेली आवाज भारती



मुल्लांपुर गरीबदास, हरतेज सिंह तेजी : मुल्लांपुर के मुख्य प्रवेश द्वार पर पिछले काफी समय से लगे कूड़े के बड़े-बड़े ढेरों से आम जनता और राहगीरों को आखिरकार राहत मिल गई है। यहाँ से उठने वाली दुर्गंध और आवारा पशुओं के जमघट के कारण सड़क पर लगातार हादसों का अंदेशा बना रहता था। पंचायत के सरपंच जतिन्द्र ने जानकारी दी कि इस जगह की कई बार सफाई कराई जा चुकी थी, लेकिन यह स्थान गांव से थोड़ा दूर होने के कारण बाहरी लोग सुबह-सवेरे या रात के समय यहाँ चुपचाप कूड़े के ढेर लगा जाते थे। पिछले दिनों चंडीगढ़ के धनास और सारंगपुर के कुछ दुकानदारों को यहाँ कचरा फेंकते हुए रंगे हाथों देखा गया था, जिसका स्थानीय ग्रामीणों ने वीडियो भी बनाया है। इसी लापरवाही के चलते यहाँ लगातार गंदगी बढ़ती जा रही थी। सरपंच ने बताया कि अब इस पूरे क्षेत्र की पूरी तरह से सफाई करवा दी गई है। भविष्य में इस पवित्र स्थल और मुख्य मार्ग को गंदा होने से बचाने के लिए पंचायत ने एक कड़ा कदम उठाया है। अब यदि कोई भी व्यक्ति यहाँ कूड़ा फेंकता हुआ पाया गया, तो उस पर 5,000 रुपये का भारी जुर्माना लगाया जाएगा।

सौंदर्यीकरण और ट्रैफिक पर भी विशेष ध्यान

प्रशासन ने यह भी घोषणा की है कि इस साफ किए गए स्थल को और अधिक सुंदर बनाने के लिए आने वाले दिनों में यहाँ पौधे (पौधारोपण) लगाए जाएंगे। इसके अलावा, गांव में लगातार बढ़ रही ट्रैफिक की समस्या को लेकर भी प्रशासन से बातचीत हो चुकी है और जल्द ही गलत स्थानों पर अवैध रूप से लगाई गई रेहड़ी-फड़हियों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

गुरु नानक लॉ कॉलेज साईंयांवाला के छात्रों ने पुलिस थाना घल्लखुर्द का किया शैक्षणिक दौरा

डेली आवाज भारती



गुरु नानक लॉ कालेज साइंयांवाला के छात्र पुलिस थाना घल्लखुर्द का दौरा करने के दौरान पुलिस अधिकारियों से जानकारियां प्राप्त करते हुए।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): गुरु नानक लॉ कॉलेज साईंयांवाला के छात्रों द्वारा मंगलवाल पुलिस थाना घल्लखुर्द का शैक्षणिक दौरा किया गया। इस दौरे का नेतृत्व सहायक असिस्टेंट प्रोफेसर श्रीमती राधिका, हरबंस जस्सी और श्रीमती 'योति विज ने किया। दौरे के दौरान छात्रों को थाने की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया और थाने में मौजूद पुलिस स्टाफ में एसएचओ दर्शन सिंह, एएसआई जसपाल सिंह, एएसआई रणजीत सिंह और सीनियर कांस्टेबल रमनदीप सिंह ने छात्रों को एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया, घटना नक्शा, मौका पंचनामा, मालखाना, रिकॉर्ड रूम, हवालात कक्ष और अन्य दस्तावेजों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर कॉलेज के चेयरमैन असीसप्रीत साईयांवाला ने कहा कि इस तरह के शैक्षणिक दौरों से छात्रों के व्यावहारिक ज्ञान में वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि किताबी ज्ञान के साथ-साथ प्रैक्टिकल जानकारी होना बहुत जरूरी है। जबकि कॉलेज के प्रिंसिपल डा.अजवर खान ने कहा कि ऐसी गतिविधियों से छात्रों के मन में पुलिस थाने को लेकर जो भ्रम होता है, वह दूर होता है। इस दौरे से छात्रों को अदालती कार्रवाई से पहले की सारी प्रक्रिया, जैसे कि एफआईआर से लेकर चालान पेश करने तक की पूरी जानकारी मिलती है, जो उनके भविष्य के लिए बहुत लाभदायक सिद्ध होगी। अंत में छात्रों ने पुलिस प्रशासन का धन्यवाद किया।


परविंदर सिंह झोटा की हत्या ने पंजाब की कानून-व्यवस्था पर खड़े किए गंभीर सवाल: नरेंद्र सिंह राणा

नशामुक्त पंजाब का वादा करने वाली 'आप' सरकार जवाबदेही तय करे: राणा

- अगर नशा माफिया के खिलाफ लड़ने वाले ही सुरक्षित नहीं, तो पंजाब में कौन सुरक्षित है?

डेली आवाज भारती

खरड़, संदीप अकालगढ़िया : मानसा में नशे के खिलाफ आवाज़ उठाने वाले कार्यकर्ता परविंदर सिंह झोटा की हत्या के मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा पंजाब के वरिष्ठ नेता नरेंद्र सिंह राणा ने पंजाब की कानून-व्यवस्था और आम नागरिकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठाए।



नरेंद्र सिंह राणा ने कहा कि पंजाब में नशे को खत्म करने का वादा करके सत्ता में आई आम आदमी पार्टी की सरकार को बताना चाहिए कि नशे के खिलाफ आवाज़ उठाने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए क्या ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नशे की समस्या केवल कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं, बल्कि पंजाब के युवाओं और राज्य के भविष्य से जुड़ा गंभीर विषय है। राणा ने कहा कि यदि नशे के खिलाफ लड़ने वाले लोगों की सुरक्षा को लेकर ही चिंताएं सामने आ रही हैं, तो यह सरकार और पुलिस प्रशासन की जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि पंजाब की जनता को केवल वादे नहीं, बल्कि नशा तस्करी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और सुरक्षित माहौल चाहिए। उन्होंने मांग की कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, आरोपियों के खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई हो और नशे के खिलाफ आवाज़ उठाने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। नरेंद्र सिंह राणा ने कहा, ÷अगर नशा माफिया के खिलाफ लड़ने वाले ही सुरक्षित नहीं हैं, तो पंजाब में आम नागरिक की सुरक्षा की गारंटी कौन देगा? पंजाब की जनता को इस मामले में जवाब और जवाबदेही चाहिए। उन्होंने कहा कि नशामुक्त पंजाब बनाना केवल सरकारी नारा नहीं होना चाहिए। इसके लिए ठोस कार्रवाई, पारदर्शिता और नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देना जरूरी है।

CMYK

page 5_Layout 1 13-10-2026 19:13 Page 1

चंदों गोबिंदगढ़ स्टेडियम क्षेत्र के लिए बड़ा लाभ, लेकिन रखरखाव की कमी: कंग

उचित कोच और खेलों के सामान की जरूरत

डेली आवाज भारती



खरड़,संदीप अकालगढ़िया : कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री सरदार जगमोहन सिंह कंग ने गांव चंदों गोबिंदगढ़, खरड़ के नजदीक स्थित गुरु तेग बहादुर खेल स्टेडियम का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों, अन्य उपस्थित लोगों और गणमान्य व्यक्तियों से मुलाकात की। इस अवसर पर खिलाड़ियों और उपस्थित लोगों ने कहा कि कंग साहब ने इस परियोजना को शुरू करवाने और पूरा करवाने की जिम्मेदारी उठाई थी। उनके प्रयासों से इस स्टेडियम का निर्माण 1 मई 2021 को शुरू करवाया गया था, जो अब चालू हो चुका है। इस बड़े स्टेडियम के बनने से आसपास के गांवों के खिलाड़ियों और खेल जगत को काफी लाभ मिला है। इसके अलावा सुबह-शाम बड़ी संख्या में लोग यहां सैर करने का आनंद भी लेते हैं। हालांकि, आम आदमी पार्टी की सरकार और खेल विभाग की अनदेखी के कारण इस बड़े और सुंदर खेल स्टेडियम की हालत लगातार बिगड़ती जा रही है। इसकी उचित देखभाल नहीं हो रही है। खेल विभाग की ओर से बच्चों को खेलने के लिए जरूरी खेल सामग्री भी उपलब्ध नहीं करवाई जा रही और न ही यहां उपयुक्त कोच की व्यवस्था है। मैदान में लगे कुछ पोल भी टूटे पड़े हैं। उपस्थित लोगों ने इन्हें जल्द से जल्द ठीक करवाने की मांग की।

पूर्व खेल मंत्री सरदार जगमोहन सिंह कंग ने कहा कि स्टेडियम की दयनीय हालत देखकर उन्हें बहुत दुख हुआ। उन्होंने तुरंत इस संबंध में खेल विभाग के अधिकारियों से संपर्क करके यहां आवश्यक कोच भेजने का अनुरोध किया। इसके साथ ही स्थानीय खिलाड़ियों की मांग पर उन्होंने अपनी ओर से बच्चों के लिए तुरंत फुटबॉल उपलब्ध करवाए और स्वयं टूटे हुए पोल आदि भी ठीक करवाए। सरदार कंग ने कहा कि एक ओर आम आदमी पार्टी की सरकार गांवों में खेल स्टेडियम बनाने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी और उनके द्वारा बनवाए गए ऐसे स्टेडियम, जिनमें स्वर्गीय सरदार बेअंत सिंह स्टेडियम, कुराली भी शामिल है, उचित देखभाल के अभाव में खराब हो रहे हैं। इस अवसर पर गांव की ग्राम पंचायत और खिलाड़ियों ने मांग की कि इस खेल स्टेडियम की उचित देखभाल सुनिश्चित करने के लिए एक कमेटी का गठन किया जाए, ताकि स्टेडियम की व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके और खिलाड़ियों को जरूरी सुविधाएं मिल सकें। इस मौके पर सरपंच सिकंदर सिंह, अमरजीत सिंह, गुरदीप सिंह, बलबीर सिंह, गुरप्रीत सिंह, समर त्यूड़, निर्मल सिंह सचिव हरलालपुर, ब्लॉक प्रधान सतनाम सिंह हरलालपुर, हरजिंदर सिंह जंडपुर, अमरजीत सिंह पंच जंडपुर, जग रूप सिंह गिल, एडवोकेट कुलवंत सिंह शेरगिल, रमन दत्ता, मास्टर शिंगारा सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

गांवों को स्वच्छ बनाने के लिए ब्लॉक अजनाला के गांवों में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट लागू किए जाएंगे: पल्लवी मिश्रा

- पंचायतों को कचरे के उचित प्रबंधन तथा गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग एकत्रित करने के लिए जागरूक किया जाए

डेली आवाज भारती



अमृतसर, के.एस. बेदी : डिप्टी कमिश्नर अमृतसर श्री दलविंदरजीत सिंह के दिशा-निर्देशों के तहत आज श्रीमती पल्लवी मिश्रा, आई.ए.एस., अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (ग्रामीण विकास), अमृतसर की अध्यक्षता में ब्लॉक अजनाला के सरपंचों, ब्लॉक विकास एवं पंचायत अधिकारी तथा पंचायत सचिवों के साथ बैठक की गई। बैठक के दौरान गांवों में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट लागू करने और सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने संबंधी विचार-विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए श्रीमती पल्लवी मिश्रा ने कहा कि गांवों को कचरा मुक्त, स्वच्छ और साफ-सुथरा बनाने के लिए जिले के सभी गांवों में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट तैयार करके लागू किए जाएं। उन्होंने कहा कि इन प्रोजेक्टों के माध्यम से गांवों में उत्पन्न होने वाले कचरे का उचित निपटारा सुनिश्चित किया जा सकता है। इससे गांवों के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि गांवों के निवासियों को गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग एकत्रित करने तथा उसका उचित निपटारा करने के संबंध में अधिक से अधिक जागरूक किया जाए। इसके तहत गीले कचरे, सूखे कचरे, सैनिटरी वेस्ट और खतरनाक अपशिष्ट को अलग-अलग रखा जाए। अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि गांवों में घर-घर जाकर कचरा एकत्रित करने के लिए रेहड़ियों और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का प्रबंध किया जाए, ताकि लोगों को कचरा खुले में फेंकने की आवश्यकता न पड़े। उन्होंने स्पष्ट किया कि गांवों में सफाई व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए पंचायतों, संबंधित विभागों और गांववासियों का आपसी सहयोग बेहद जरूरी है। इस अवसर पर उन्होंने रूरल गवर्नेंस फेलोज के कोऑर्डिनेटर श्री रेशम सिंह को भी निर्देश दिए कि वे अधिक से अधिक गांवों में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट संबंधी गतिविधियों को प्रभावी ढंग से लागू करवाएं और पंचायतों को इस संबंध में आवश्यक सहयोग प्रदान करें।

पानी की किल्लत से आक्रोश: सिंघा देवी में 15 दिनों से आपूर्ति ठप, खाली बर्तन लेकर सड़कों पर उतरीं महिलाएं



डेली आवाज भारती

- जल संकट: ऊंचाई वाले इलाकों तक नहीं पहुंच रहा पानी, ट्यूबवेल ऑपरेटर पर अनदेखी का आरोप

सिंघा देवी/नयागांव/हरतेज सिंह तेजी : इलाके की गली नंबर 12 और पीर बाबा वाली गली में पिछले 10 से 15 दिनों से पेयजल संकट गहराने से स्थानीय निवासियों की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। पानी की आपूर्ति पूरी तरह ठप होने के विरोध में आक्रोशित महिलाओं ने खाली बाल्टियां, मटके और बर्तन लेकर जोरदार प्रदर्शन किया तथा प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जल्द राहत दिलाने की मांग उठाई। प्रदर्शनकारी महिलाओं–सुनीता देवी, शीला, बबली, रीता, गीता देवी, रूपा, पूनम, चंपा देवी, संतोष देवी और नीलम–ने बताया कि ऊंचाई पर स्थित घरों तक पानी बिल्कुल भी नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले क्षेत्र में नियमित आपूर्ति होती थी, लेकिन अब कई-कई दिनों तक इंतजार करने के बाद भी एक बूंद पानी नसीब नहीं होता। महिलाओं का आरोप है कि जब भी इस समस्या को लेकर शिकायत दर्ज कराई जाती है, तो ट्यूबवेल ऑपरेटर पानी की कमी का बहाना बनाकर टालमटोल कर देता है। दैनिक जरूरतों के लिए पानी न मिलने से लोगों का रोजमर्रा का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। प्रदर्शनकारियों ने स्थानीय प्रशासन व संबंधित विभाग से मांग की है कि इस गंभीर समस्या का जल्द से जल्द स्थायी समाधान निकाला जाए, अन्यथा वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगी।

आप ने श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार से मुलाकात की, गुरुद्वारा श्री बंगला साहिब में पुलिस की एंट्री पर अमित शाह के खिलाफ सख्त एक्शन की मांग की

- दिल्ली पुलिस जूते पहनकर और बिना सिर ढके गुरुद्वारा श्री बंगला साहिब में घुसी, श्री अकाल तख्त साहिब को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए: आप विधायक

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़ / अमृतसर/के.एस. बेदी : आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को श्री अकाल तख्त साहिब में जत्थेदार कुलदीप सिंह गड़गज से मुलाकात की और 10 अक्टूबर की घटना पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए एक ज्ञापन सौंपा। इस घटना में दिल्ली पुलिस के जवान जूते पहनकर और बिना सिर ढके गुरुद्वारा श्री बंगला साहिब में घुसे थे। इसे सिख धार्मिक संस्थाओं की पवित्रता का बड़ा उल्लंघन बताते हुए, विधायकों ने जत्थेदार साहिब से अमित शाह को बुलाने और इसके लिए जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही सुनिश्चित करने की अपील की। आप विधायकों के प्रतिनिधिमंडल ने ऑपरेशन ब्लू स्टार की दर्दनाक यादों को ताजा करते हुए जोर देकर कहा कि सिख समुदाय उस काले अध्याय को नहीं भूला है और दिल्ली पुलिस के गुरुद्वारा श्री बंगला साहिब में घुसने की घटना को कभी नहीं भूलेगा। प्रतिनिधिमंडल ने इस घटना पर शिरोमणि अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी की चुप्पी पर भी सवाल उठाए। मीटिंग के बाद मीडिया से बात करते हुए आप विधायक डॉ. इंदरबीर सिंह निज्जर और कुलदीप सिंह धालीवाल ने कहा कि यह घटना बहुत बुरी है और इससे सिख समुदाय की धार्मिक भावनाओं को गहरा ठेस पहुंची है। विधायक डॉ. इंदरबीर सिंह निज्जर ने कहा, ÷गुरुद्वारे पारंपरिक रूप से शरण की जगह रहे हैं, जहां लोग शरण, शांति और लंगर छकने के लिए आते हैं। पुलिस जिन विद्यार्थियों का पीछा कर रही थी, वे गुरुद्वारा साहिब के परिसर में दाखिल हुए थे, लेकिन इससे पुलिस वालों को पवित्र परिसर में नंगे सिर और नंगे पैर घुसने का कोई अधिकार नहीं मिल जाता। केंद्र सरकार को सिखों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करना चाहिए और हमारे प्रतिनिधिमंडल द्वारा जत्थेदार साहिब को दिए गए ज्ञापन पर बनती कार्रवाई करनी चाहिए। आप विधायक मनविंदर सिंह ग्यासपुरा ने 10 अक्टूबर को सिख समुदाय के लिए काला दिन बताते हुए कहा, ÷गुरुद्वारा श्री बंगला साहिब की पवित्रता का उल्लंघन किया गया है। सिख समुदाय 1984 में अपने धार्मिक स्थलों पर हुए हमलों को नहीं भूला है और वह इस घटना को भी नहीं भूलेगा। शिरोमणि अकाली दल के नेताओं और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के प्रधान हरजिंदर सिंह धामी की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए मनविंदर सिंह ग्यासपुरा ने कहा, शिरोमणि अकाली दल लीडरशिप और एसजीपीसी प्रधान हरजिंदर सिंह धामी की चुप्पी गंभीर सवाल खड़े करती है।

पंजाब में नशा विरोधी कार्यकर्ता की हत्या पर बवाल, मां का आरोप- 'भगवंत मान सरकार ने सब बर्बाद कर दिया'

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़ । पंजाब के मानसा में नशा-विरोधी कार्यकर्ता परविंदर सिंह झोटा की गोली मारकर हत्या के बाद हंगामा मच गया है। परविंदर सिंह की मां का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने कहा, मेरा बेटा मुझे कहता था, मां, ये मुझे मार देंगे। जाने से पहले मेरे पैर छूकर बोला, मां, मेरा खाना तैयार रखना। उन्होंने मेरा अनमोल बेटा छीन लिया। भगवंत मान सरकार ने सब बर्बाद कर दिया है।÷ चंडीगढ़ में भाजपा पंजाब अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों ने कहा, हर सुबह उठकर इधर-उधर हत्याओं की खबर सुनना दिल दहला देने वाला है। आज मैं बहुत दुखी हूं कि परविंदर, जो मानसा में नशा रोकने के लिए इतनी मेहनत कर रहा था, उसे दिनदहाड़े गोली मार दी गई। इसकी जितनी निंदा की जाए कम है। मेरा मानना है कि यह सरकार पूरी तरह फेल हो गई है और सिर्फ चुटकुले सुनाने तक सीमित रह गई है। इसे सत्ता में बने रहने का कोई हक नहीं है। मुख्यमंत्री भगवंत मान को तुरंत इस्तीफा देकर सरकार के हटने का रास्ता साफ करना चाहिए।÷ भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय सांपला ने कहा, पंजाब सरकार नशा तस्करों के साथ मिली हुई है। तभी तो अगर कोई नशे के खिलाफ आवाज उठाता है, तो पुलिस उसकी पिटाई करके बुरा हाल कर देती है। परविंदर सिंह झोटा जो नशे के खिलाफ काम कर रहा था, उसे भी नशा तस्करों ने गोलियां मार दीं। कांग्रेस नेता अर्शदीप गगोवाल ने कहा, ÷यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। वह पिछले चार-पांच सालों से लोगों के लिए लड़ रहा था और उसी लड़ाई को जारी रखते हुए उसने अपनी जान गंवा दी। वह अपने पीछे छोटे-छोटे बच्चे छोड़ गया है। मैं प्रशासन से अपील करता हूं कि हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करे और उनसे पूछताछ करे। शिरोमणि अकाली दल की सांसद हरसिमरत कौर बादल ने कहा, ÷यह बेहद दुखद और चौंकाने वाला है कि नशा पूरे पंजाब में बह रहा है, हर घर तक पहुंच रहा है और माताओं को आंसू बहाने पर मजबूर कर रहा है। सरकार ने चार महीने में नशा खत्म करने और बड़ी मछलियों को पकड़ने का वादा किया था, यह दावा करते हुए कि उसे पता है कि नशा कहां बनता और बिकता है। लेकिन, पांच साल बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। मानसा में एक नशा विरोधी कार्यकर्ता ने केमिस्ट की दुकान पर नशा बिकने का लाइव वीडियो बनाकर पर्दाफाश किया था, उसे गोली मार दी गई। ग्राहकों ने कैमरे पर माना कि उन्होंने नशा खरीदा था, फिर भी बेचने वाले ने पूरी सच्चाई उजागर करने वाले कार्यकर्ता को गोली मारकर हत्या करने की हिम्मत दिखाई। अमृतसर में अकाली दल के वरिष्ठ नेता बिक्रम सिंह मजीठिया ने कहा, ÷सबसे पहले मैं इस दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद घटना की कड़ी निंदा करता हूं। परविंदर ने नशे के खिलाफ बड़ी लड़ाई लड़ी थी और आज उसे दिनदहाड़े गोली मार दी गई, हत्या लाइव वीडियो रिकॉर्डिंग में कैद हुई है। मैं सबको याद दिलाना चाहता हूं कि मानसा वही जिला है, जहां सिद्धू मूसेवाला की भी दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी। परविंदर की मौत के लिए भगवंत मान जिम्मेदार हैं, क्योंकि उसने मुख्यमंत्री के सामने बार-बार नशे का मुद्दा उठाया था। लेकिन मुख्यमंत्री ने कभी उसे बुलाकर उसकी चिंताओं के बारे में नहीं पूछा और न ही उसकी सुरक्षा सुनिश्चित की। इस मामले पर एसएसपी वैभव चौधरी ने कहा, ÷हमारा फोकस अभी आरोपी को गिरफ्तार करने पर है। हम उस पर काम कर रहे हैं और बाकी सभी सवालों का जवाब जांच के दौरान दिया जाएगा।

एएसआई इकबाल सिंह के परिवार को मिलेगी 2 करोड़ की आर्थिक सहायता, सीएम भगवंत मान ने 1 करोड़ का किया ऐलान

डेली आवाज भारती



तरनतारन । पंजाब के तरनतारन में एएसआई इकबाल सिंह की हत्या के बाद मुख्यमंत्री भगवंत मान ने उनके परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक की ओर से भी परिवार को एक करोड़ रुपये की बीमा राशि दी जाएगी। इस तरह परिवार को कुल दो करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता मिलेगी। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि इकबाल सिंह की मौत से उनके परिवार के साथ-साथ पंजाब पुलिस को भी बड़ी क्षति हुई है। सरकार और पुलिस विभाग दुख की इस घड़ी में परिवार के साथ खड़े हैं। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर एएसआई इकबाल सिंह को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले बहादुर पुलिस अधिकारी के परिवार के साथ पंजाब पुलिस मजबूती से खड़ी है। मुख्यमंत्री की ओर से एक करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी जबकि एचडीएफसी बैंक की ओर से एक करोड़ रुपये का अतिरिक्त बीमा भुगतान किया जाएगा। डीजीपी ने दिवंगत अधिकारी के परिवार और रिश्तेदारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। वहीं, मुख्यमंत्री भगवंत मान ने एएसआई इकबाल सिंह के हत्यारों का पता लगाने के लिए डीजीपी गौरव यादव को निर्देश दिए हैं। उन्होंने गैंगस्टरों के खिलाफ कार्रवाई में किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरतने को कहा है। पुलिस के मुताबिक, वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों शूटर अपनी बाइक छोड़कर एक कार में फरार हो गए थे। जांच के दौरान कार की नंबर प्लेट का पता लगा लिया गया है। वहीं, हत्या में इस्तेमाल की गई बाइक को कब्जे में लेकर उसके मालिक की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। पुलिस आरोपियों तक पहुंचने के लिए विभिन्न पहलुओं की जांच कर रही है। बता दें कि अंतिम संस्कार के दौरान पुलिस विभाग के विभिन्न अधिकारियों ने दिवंगत एएसआई को श्रद्धासुमन अर्पित किए थे। पुलिस की ओर से उन्हें सलामी भी दी गई। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।

जीरकपुर में मदर डेयरी के स्टोर को बनाया निशाना, ताले तोड़कर 329 टीन सोयाबीन तेल चोरी

डेली आवाज भारती

जीरकपुर/तरनप्रीत सिंह गिल : जीरकपुर में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामले में चोरों ने मदर डेयरी के एक स्टोर को निशाना बनाते हुए गोदाम के ताले तोड़ दिए और वहां से करीब 329 टीन सोयाबीन रिफाइंड तेल चोरी करके फरार हो गए। यह वारदात 4 अक्टूबर की सुबह करीब 4 बजे घटी, जहां चोर एक टाटा गाड़ी में सामान लादकर मौके से फरार हो गए। चोरी हुए तेल के प्रत्येक टीन का वजन लगभग 15 किलो बताया जा रहा है। घटना की सीसीटीवी फुटेज स्टोर संचालक के पास मौजूद है, लेकिन फुटेज में आरोपियों की गाड़ी का नंबर साफ नहीं आ सका है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में पंचकूला के सेक्टर-4 स्थित मकान नंबर 1350 निवासी केशव गोयल ने बताया कि वह मदर डेयरी इंडिया स्टोर के गोदाम की देखरेख करते हैं। 4 अक्टूबर की सुबह करीब 4 बजे कुछ अज्ञात व्यक्ति टाटा गाड़ी लेकर स्टोर पर पहुंचे। आरोपियों ने गोदाम के ताले तोड़कर अंदर प्रवेश किया और वहां रखा सामान गाड़ी में लोड कर लिया। शिकायतकर्ता के अनुसार, चोर गोदाम में से %धारा% ब्रांड के सोयाबीन रिफाइंड तेल के करीब 329 टीन चोरी करके ले गए। प्रत्येक टीन का वजन लगभग 15 किलो था। हालांकि, स्टोर प्रबंधकों का कहना है कि चोरी हुए सामान की असल संख्या का स्टॉक रिकॉर्ड से मिलान करने के बाद ही पता लग सकेगा। केशव गोयल ने पुलिस को बताया कि इस वारदात से जुड़ी सीसीटीवी फुटेज उनके पास मौजूद है। इस फुटेज में आरोपी और उनकी टाटा गाड़ी साफ दिखाई दे रही है, लेकिन रात का समय होने के कारण वीडियो में गाड़ी का नंबर रिकॉर्ड नहीं हो सका है। शिकायतकर्ता अपने स्तर पर भी चोरों की तलाश कर रहे थे, लेकिन कोई सुराग न मिलने पर उन्होंने 10 अक्टूबर को जीरकपुर थाने पहुंचकर पुलिस को लिखित शिकायत दी।

पुलिस ने मामला किया दर्ज

इस मामले में जीरकपुर थाने के जांच अधिकारी ने बताया कि शिकायत और शुरुआती जांच के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आसपास लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर रही है ताकि आरोपियों की पहचान करके उन्हें जल्द काबू किया जा सके।

विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) के बाद जिला अमृतसर की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित

जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूचियों की सॉफ्ट और हार्ड कॉपी सौंपी

डेली आवाज भारती



अमृतसर, के.एस. बेदी : जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभा क्षेत्रवार मतदाताओं के आंकड़ों की जानकारी देते हुए बताया कि अजनाला विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर शुरू होने से पहले कुल 1,65,959 मतदाता थे, जिनमें 85,527 पुरुष, 80,427 महिलाएं और 5 अन्य श्रेणी के मतदाता शामिल थे। प्रारंभिक मतदाता सूची-2026 में यह संख्या घटकर 1,49,625 रह गई, जिसमें 78,971 पुरुष, 70,650 महिलाएं और 4 अन्य श्रेणी के मतदाता थे। अंतिम मतदाता सूची-2026 में कुल 1,56,673 मतदाता दर्ज हैं, जिनमें 80,870 पुरुष, 75,800 महिलाएं और 3 अन्य श्रेणी के मतदाता शामिल हैं। राजासांसी विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर से पहले 1,78,440 मतदाता थे, जिनमें 93,382 पुरुष, 85,053 महिलाएं और 5 अन्य श्रेणी के मतदाता थे। प्रारंभिक मतदाता सूची-2026 में कुल 1,58,527 मतदाता थे, जिनमें 85,021 पुरुष, 73,501 महिलाएं और 5 अन्य श्रेणी के मतदाता शामिल थे। अंतिम मतदाता सूची में कुल 1,63,552 मतदाता हैं, जिनमें 86,190 पुरुष, 77,358 महिलाएं और 4 अन्य श्रेणी के मतदाता शामिल हैं। मजीठा विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर से पहले कुल 1,68,028 मतदाता थे, जिनमें 87,592 पुरुष, 80,435 महिलाएं और 1 अन्य श्रेणी का मतदाता था। प्रारंभिक मतदाता सूची-2026 में 1,52,298 मतदाता थे, जिनमें 81,298 पुरुष, 70,999 महिलाएं और 1 अन्य श्रेणी का मतदाता था। अंतिम मतदाता सूची में 1,57,835 मतदाता दर्ज हैं, जिनमें 82,855 पुरुष, 74,979 महिलाएं और 1 अन्य श्रेणी का मतदाता शामिल है। जंडियाला (अनुसूचित जाति) विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर से पहले कुल 1,79,560 मतदाता थे, जिनमें 94,811 पुरुष, 84,746 महिलाएं और 3 अन्य श्रेणी के मतदाता थे। प्रारंभिक मतदाता सूची-2026 में 1,67,446 मतदाता थे, जिनमें 89,621 पुरुष, 77,822 महिलाएं और 3 अन्य श्रेणी के मतदाता शामिल थे। अंतिम मतदाता सूची में कुल 1,74,635 मतदाता हैं, जिनमें 91,646 पुरुष, 82,986 महिलाएं और 3 अन्य श्रेणी के मतदाता शामिल हैं। अमृतसर उत्तरी विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर से पहले कुल 2,02,533 मतदाता थे, जिनमें 1,03,747 पुरुष, 98,776 महिलाएं और 10 अन्य श्रेणी के मतदाता थे।

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक - रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) - हेमन्त मित्तल। चेयरमैन- श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर - धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी-4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा - 132117 से मुद्रित। दूरभाष- प्रेस कार्यालय - 01762-505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

CMYK

page 6_Layout 1 13-10-2026 17:32 Page 1

बॉलीवुड की खास ★ || मनोरंजन जगत

सोनाली बेंद्रे ने छेड़ा शादी का किस्सा

माधुरी दीक्षित बोलीं– इसलिए दिलों का इलाज करने वाले को चुना





माधुरी भारतीय सिनेमा की उन अभिनेत्रियों में शुमार हैं, जिन्होंने अपनी मुस्कान, बेमिसाल अभिनय और बेहतरीन डांस से करोड़ों दिलों पर राज किया। अपने करियर के शीर्ष पर पहुंचकर उन्होंने डॉ. श्रीराम नेने से शादी की थी, जिससे लाखों फैंस और कई फिल्मी सितारों को बड़ा झटका लगा था। हाल ही में माधुरी दीक्षित ने क्विज रियलिटी शो 'कौन होणार करोड़पतिं' में इस पर मजेदार अंदाज में अपनी प्रतिक्रिया दी।

अभिनेत्री माधुरी दीक्षित इन दिनों क्विज रियलिटी शो 'कौन होणार करोड़पतिं' होस्ट कर रही हैं। शो के ग्रैंड प्रीमियर एपिसोड में अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे ने माधुरी दीक्षित से कहा, 'जब आपकी शादी हुई थी, तो बहुत लोगों का दिल टूट गया था।' इस पर अभिनेत्री माधुरी दीक्षित ने मजेदार अंदाज में जवाब देते हुए कहा कि इसलिए उन्होंने ऐसे शख्स को चुना है, जो दिलों का इलाज करते हैं।

हालांकि बॉलीवुड के कई नामी सितारे और निर्देशक इस बात को कबूल कर चुके हैं कि माधुरी दीक्षित उनका अल्टीमेट क्रश थीं।

अभिनेत्री माधुरी दीक्षित के पति डॉ. श्रीराम नेने कार्डियोलॉजिस्ट (हृदय रोग विशेषज्ञ) हैं। जब माधुरी ने शादी की थी, तब वह हिंदी सिनेमा की सबसे सफल और महंगी अभिनेत्रियों में शुमार थीं। उनकी शादी की खबर इतनी सीक्रेट रखी गई थी कि इंडस्ट्री के लोगों को भी इसका पता बाद में चला। शादी के बाद वह कुछ समय के लिए अमेरिका (डेनवर) जाकर बस गई, जिससे फैंस का दिल पूरी तरह टूट गया था। कपल के दो बेटे अरिन और रयान हैं। कुछ साल अमेरिका में बिताने के बाद माधुरी बॉलीवुड में वापसी के लिए भारत लौट आई।

एक्ट्रेस ने लंबे ब्रेक के बाद 2007 में फिल्म 'आजा नचले' से बॉलीवुड में कमबैक किया। इसके बाद वह 'ये जवानी है दीवानी' में मशहूर गाने 'घाघरा' में नजर आई, साथ ही 'डेढ़ इश्किया' और 'गुलाब गैंग' जैसी फिल्मों में भी काम किया।

अभिनेत्री हाल ही में फिल्म 'मां बहन' में नजर आई थीं, जिसमें उनके साथ रवि किशन, तृप्ति डिमरी और धारणा दुर्गा मुख्य भूमिकाओं में नजर आए। यह फिल्म एक विधवा मां (रेखा) और उसकी दो बेटियों की कहानी है, जिनकी जिंदगी में एक अप्रत्याशित घटना– लाश मिलने और उससे जुड़ी अफरातफरी– के बाद भूचाल आ जाता हैं।

पहले क्रश से सालों बाद मिलने की बेचैनी

दर्शन रावल के गाने 'जाने किस मोड़ पे' में दिखेगा प्यार का रंग

अक्सर हम जिंदगी में आगे तो बढ़ जाते हैं, लेकिन कुछ रिश्ते और उनसे जुड़ी यादें दिल में हमेशा बनी रहती हैं। इसी तरह की भावनाओं को 'जाने किस मोड़ पे' गाना पेश करता है। यह गाना अपकमिंग फिल्म 'पहला प्यार दूसरी बार' का नया ट्रैक है, जिसे सिंगर दर्शन रावल ने गाया है। उन्होंने बताया कि गाने में पुराने रिश्तों से दोबारा जुड़ने की खुशी, मन में उठने वाली हल्की बेचैनी और बीते दिनों को फिर से जीने का एहसास है। दर्शन रावल ने कहा, 'मुझे इस गाने की सबसे खास बात इसका पुरानी यादों से जुड़ा एहसास और इसमें छिपी उम्मीद लगी। मैं चाहता हूं कि गाना सुनने वाले लोग भी अपनी जिंदगी के उन खास पलों को याद करें, जिनका उनके दिल में आज भी अलग स्थान है। कभी-कभी किसी ऐसे इंसान से दोबारा मिलने का ख्याल भी अपने आप में खास होता है, जो कभी हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा रहा हो। ऐसे में मन में कई सवाल उठते हैं कि इतने समय बाद मिलने पर कैसा लगेगा और क्या पहले जैसा अपनापन महसूस होगा। गाने के म्यूजिक कंपोजर रोचक कोहली ने भी इसके पीछे की भावना के बारे में बात की। उन्होंने कहा, यह एक ऐसे सफर की तरह है, जिसमें



इंसान को पता नहीं होता कि आखिर में उसके लिए क्या इंतजार कर रहा है। म्यूजिक के जरिए हमने उस उत्साह और घबराहट को दिखाने की कोशिश की है, जो कई साल बाद अपने पहले क्रश से मिलने पर महसूस होती है। दर्शन रावल की आवाज गाने में गर्मजोशी और एक अलग एहसास लेकर आती है, जबकि गीतकार गुरप्रीत सैनी के बोल इस भावना को और खूबसूरती से सामने रखते हैं। गीतकार गुरप्रीत सैनी ने कहा, जाने किस मोड़ पे प्यार की उम्मीद और जिंदगी में अनजाने तरीकों से मिलने वाले रिश्तों की कहानी कहता है। मैंने गाने के बोल बेहद आसान रखे हैं, ताकि वे फिल्म के किरदारों की भावनाओं से मेल खा सकें। फिल्म की कहानी में किरदार स्कूल रीयूनियन के लिए एक साथ आगे बढ़ते हैं। हर किसी के मन में दोस्ती के साथ रोमांस की भी एक उम्मीद है। गाने में जवानी, दोस्ती और रोमांस का खूबसूरत मेल है, जिसे रोचक के म्यूजिक ने जीवंत बना दिया है। फिल्म पहला प्यार दूसरी बार के मेकर्स ने हाल ही में इस गाने को रिलीज किया है। इसमें स्पर्श वालिया, अलीशा चोपड़ा, कुणाल वैद, साक्षी वैद्या, तुषार छिब्बर और सरगुन कौर लूथरा नजर आ रहे हैं। सभी इस फिल्म के जरिए डेब्यू कर रहे हैं। गाने को टी-सीरीज म्यूजिक पर रिलीज किया गया है।

लव फिल्म्स के बैनर तले पेश की जा रही फिल्म का निर्देशन अनुज सैनी ने किया है। फिल्म को लव रंजन और अंकुर गर्ग ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

महाकाल की शरण में पहुंचीं ईशा कोप्पिकर, बोलीं- दिल को सुकून मिला

अभिनेत्री ईशा कोप्पिकर हाल ही में उज्जैन में महाकाल के दर्शन करके लौटी हैं। मंगलवार को उन्होंने अपनी यात्रा के कुछ खास पलों और आध्यात्मिक अनुभव फैंस के साथ साझा किए। अभिनेत्री ने बताया कि यह सफर उनके लिए सिर्फ घूमने जैसा नहीं बल्कि दिल को सुकून देने वाला रहा। अभिनेत्री ईशा कोप्पिकर ने इंस्टाग्राम पर अपनी अध्यात्मिक यात्रा की झलक पोस्ट की, जिसमें वह उज्जैन की गलियों से लेकर महाकाल की आरती की तस्वीरें और वीडियो शामिल हैं। अभिनेत्री ने अपना अनुभव शेयर करते हुए लिखा, 卐कुछ सफर दिल को सुकून देते हैं, कुछ चेहरे पर मुस्कान लाते हैं और कुछ हर चीज के लिए शुक्रगुजार होना सिखाते हैं। इंदौर के पोहे से लेकर महाकाल के दर्शन करने



तक। कुछ सफर दिल को सुकून देते हैं, कुछ चेहरे पर मुस्कान लाते हैं, और कुछ हर चीज के लिए शुक्रगुजार होना सिखाते हैं। इंदौर के पोहे से लेकर महाकाल के दर्शन तक, थोड़ा सा सफर, ढेर सारा शुकराना। श्री महाकाल (भगवान महाकालेश्वर) मध्य प्रदेश के उज्जैन शहर में स्थित भगवान शिव का एक अत्यंत प्रसिद्ध और पवित्र ज्योतिर्लिंग है। महाकाल की मूर्ति दक्षिण की ओर मुख किए हुए है, जो इसे सभी 12 ज्योतिर्लिंगों में अद्वितीय और तांत्रिक परंपरा के अनुसार विशेष बनाती है।। यह शिवलिंग मनुष्य द्वारा स्थापित नहीं किया गया है बल्कि यह अपने आप प्रकट (स्वयंभू) हुआ है। मान्यता है कि बाबा महाकाल उज्जैन के राजा हैं और उनकी मर्जी के बिना यहां कोई दूसरा राजा या शासक रात नहीं रुकता। मुख्य मंदिर तीन स्तरों पर बना है। सबसे नीचे (तहखाने में) महाकाल, पहली मंजिल पर ओंकारेश्वर और दूसरी (शीर्ष) मंजिल पर नागचंद्रेश्वर का मंदिर है। अभिनेत्री ईशा कोप्पिकर की बात करें, तो वह पिछले कई समय से बड़े पर्दे से दूर हैं। हालांकि, सोशल मीडिया के जरिए फैंस के बीच अपनी मौजूदगी दर्ज करवाती रहती हैं। गौरतलब है कि अभिनेत्री हाल ही में सुभाष घई के 'व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल' के फिल्म निर्माण छात्रों की डिप्लोमा फिल्म प्रोजेक्ट 'रॉकेटशिप' में नजर आई थीं। वह इस फिल्म में 'अदिति' नाम की एक मां का किरदार निभा रही हैं।

किशोर दा की पुण्यतिथि पर सुदेश भोसले ने किया याद

कहा- आपके साथ बिताया हर लम्हा खजाने जैसा


मशहूर गायक सुदेश भोसले ने मंगलवार को किशोर कुमार की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया। गायक का मानना है कि किशोर कुमार की गायकी आज भी लोगों के दिलों में बसी हुई है और आगे भी कभी फीकी नहीं पड़ेगी। सुदेश भोसले ने इंस्टाग्राम पर किशोर कुमार के साथ कई पुरानी तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे उनकी आवाज और संगीत लोगों की जिंदगी का एक अटूट हिस्सा बन गए हैं। सुदेश भोसले ने लिखा, ÷कुछ आवाजें सिर्फ गाने नहीं गातीं, वो हमारी आत्मा का हिस्सा बन जाती हैं। किशोर कुमार दा, एक ऐसी आवाज हैं, जो कभी फीकी नहीं पड़ सकती, एक ऐसे लीजेंड, जो हमेशा हमारे दिलों में जिंदा रहेंगे।



किशोर कुमार के साथ अपने जुड़ाव को याद करते हुए, सुदेश ने कहा कि लीजेंडरी सिंगर के साथ बिताया हर फ्रेम, याद और पल उनकी जिंदगी का एक कीमती हिस्सा बना रहेगा। गायक ने बताया, किशोर दा के साथ हर लम्हा, हर याद मेरे लिए एक खजाना है। जिसे मैं जिंदगी भर संजोकर रखूंगा। आपकी बहुत याद आती है, किशोर दा। आपका जादू कभी खत्म नहीं होगा, आपकी आवाज अमर है और आपकी विरासत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। लीजेंड कभी सच में हमें छोड़कर नहीं जाते... वो अपने संगीत के जरिए जिंदा रहते हैं। बता दें कि प्रसिद्ध गायक सुदेश भोसले, किशोर कुमार को अपना गुरु मानते हैं। दोनों के बीच का संबंध एक गुरु और शिष्य के साथ-साथ संगीत के प्रति गहरे जुड़ाव का रहा है। सुदेश भोसले ने कई मंचों और साक्षात्कारों में यह माना है कि वे किशोर कुमार को अपना गुरु मानते हैं और उनके गायन और व्यक्तित्व से बेहद प्रेरित रहे हैं। सुदेश भोसले और किशोर कुमार का संगीतमय जुड़ाव 1989 की फिल्म 'मालामाल' के गाने 'माल को देखे' से है, जिसमें अमित कुमार भी थे। सुदेश भोसले किशोर कुमार के बहुत बड़े फैन हैं और वह उनकी आवाज की हूबहू नकल करने के लिए भी जाने जाते हैं।

'क्या आप अब भी वर्जिन हैं?' करण जोहर के सवाल पर सलमान खान का मजेदार जवाब

कॉफी विद करण के आखिरी सीजन के प्रोमो ने बढ़ाई उत्सुकता



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सलमान खान, करण जौहर के लोकप्रिय चैट शो 'कॉफी विद करण' के आखिरी सीजन के पहले मेहमान के रूप में नजर आए। शो का प्रोमो सामने आने के बाद से ही यह काफी चर्चा में है और फैंस के बीच इसे लेकर जबरदस्त उत्सुकता बनी हुई है।

करण जौहर का सवाल और सलमान का जवाब

प्रोमो में करण जौहर ने सलमान खान से मजाकिया अंदाज में पूछा, "क्या आप अब भी वर्जिन हैं?" इस सवाल पर सलमान खान ने तुरंत मुस्कुराते हुए जवाब दिया, "**कंट्रोल यार, भाई। कंट्रोल।**" उनके इस जवाब ने सेट पर मौजूद सभी को हंसा दिया और सोशल मीडिया पर भी यह क्लिप तेजी से वायरल हो रही है।

2004 से अब तक का सफर

बता दें कि कॉफी विद करण की शुरूआत साल 2004 में हुई थी। यह शो अपने खुलकर और बेबाक अंदाज में होने वाली सेलिब्रिटी बातचीत के लिए जाना जाता है। शो में होने वाले तेज-तर्रार रैपिड-फायर राउंड्स भी दर्शकों के बीच खासे मशहूर रहे हैं।



शांत स्वभाव और जिंदगी की बातें

इस बातचीत में सलमान खान ने अपने शांत और संतुलित स्वभाव पर भी बात की। उन्होंने बताया कि उन्होंने दूसरों को कई बार सलाह दी है, लेकिन खुद के जीवन में भी वही बातें अपनाने की कोशिश करते हैं। साथ ही, उन्होंने सोशल मीडिया पर होने वाली ट्रोलिंग और पैपराजी कल्चर पर भी अपनी राय रखी।


फैंस के लिए खास रहेगा यह सीजन

आखिरी सीजन के पहले मेहमान के तौर पर सलमान खान की मौजूदगी ने पहले ही एपिसोड को खास बना दिया है। अब देखना दिलचस्प होगा कि करण जौहर के और कौन-कौन से सवाल सलमान से पूछते हैं और सुपस्टार उनके क्या जवाब देते हैं।

'हनुमान अंश' की सफलता के बाद देवराहा बाबा पर बनेगी फिल्म 'मचान बाबा'

नीम करौली बाबा से प्रेरित फिल्म 'हनुमान अंश' की सफलता के बाद अब संत देवराहा बाबा के जीवन से प्रेरित फिल्म 'मचान बाबा' बनने जा रही है। फिल्म का शीर्षक पोस्टर जारी कर दिया गया है। इसका निर्माण ब्रिटेन में स्थापित भारतीय मूल की कारोबारी पूनम गुप्ता ओबीई और अमेरिका में रहने वाले उद्यमी विकल्प पालीवाल कर रहे हैं। फिल्म को 2027 में रिलीज करने की योजना है। फिल्म का निर्माण ओजस फिल्म्स के बैनर तले किया जा रहा है। यह ओजस सॉफ्टेक की फिल्म और सामग्री निर्माण इकाई है। ओजस सॉफ्टेक के प्रमुख डिजिटल ब्रांडों में एस्ट्रोसेज एआई भी शामिल है, जो ज्योतिष और कृत्रिम बुद्धिमत्ता को जोड़ने वाला एक प्रमुख डिजिटल मंच है।

पूनम गुप्ता ब्रिटेन की कारोबारी दुनिया में 'पेपर क्वीन' के नाम से भी जानी जाती हैं। उन्होंने ब्रिटेन में अपने कारोबारी समूह के जरिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। वहीं, फिल्म के सह-निर्माता विकल्प पालीवाल का



जन्म और पालन-पोषण लखनऊ में हुआ। वह वर्तमान में अमेरिका के टेक्सास राज्य के ऑस्टिन शहर में रहते हैं और सूचना प्रौद्योगिकी तथा अचल संपत्ति के कारोबार से जुड़े हैं।

'मचान बाबा' की घोषणा ऐसे समय में हुई है, जब भारतीय संत परंपरा और आध्यात्मिक व्यक्तित्वों से जुड़ी कहानियों में दर्शकों की दिलचस्पी बढ़ रही है। हाल में नीम करौली बाबा से प्रेरित फिल्म 'हनुमान अंश' की सफलता ने भी इस तरह की कहानियों की सिनेमाई संभावनाओं को रेखांकित किया है। नीम करौली बाबा और देवराहा बाबा लगभग एक ही दौर में सक्रिय रहे थे। 'मचान बाबा' के लिए किए जा रहे शोध के दौरान सामने आए संस्मरणों और मौखिक विवरणों में दोनों संतों की मुलाकातों का उल्लेख मिलता है। इन विवरणों के अनुसार, नीम करौली बाबा, देवराहा बाबा के प्रति विशेष सम्मान रखते थे। फिल्म की निर्माता पूनम गुप्ता ओबीई ने कहा कि देवराहा बाबा का जीवन आध्यात्मिक दृष्टि के साथ-साथ ऐतिहासिक और मानवीय दृष्टिकोण से भी बेहद दिलचस्प है। उनकी आयु, मचान पर रहने की जीवनशैली, आम लोगों से जुड़ाव और देश के प्रमुख व्यक्तित्वों से मुलाकातों से जुड़े कई प्रसंग हैं। उन्होंने कहा, 卐हमारी कोशिश होगी कि इस कहानी को श्रद्धा के साथ-साथ गंभीर शोध और सिनेमाई संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत किया जाए।卐 फिल्म के दूसरे निर्माता विकल्प पालीवाल ने कहा कि भारत की आध्यात्मिक परंपरा में ऐसी कई कहानियां हैं, जिनमें वैश्विक दर्शकों को आकर्षित करने की क्षमता है। 'मचान बाबा' की कहानी पूरी तरह भारतीय है, लेकिन इसके भीतर मौजूद रहस्य, विश्वास और मानवीय अनुभव सार्वभौमिक हैं। उन्होंने कहा कि निर्माताओं की कोशिश इस कहानी को ऐसी सिनेमाई भाषा में प्रस्तुत करने की है, जो भारत के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय दर्शकों से भी संवाद कर सके।

page 7_Layout 1 13-10-2026 17:00 Page 1

ईरान की मदद पर ट्रंप की चीन-रूस को चेतावनी

कहा-ऐसा नहीं कर सकते, उनके पास खोने को बहुत कुछ

डेली आवाज भारती



वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वामपंथी लोगों की टिप्पणियों की आड़ में चीन और रूस को चेतावनी जारी की। वामपंथियों की टिप्पणियों में ईरान की मदद के आरोप में ट्रंप ने चेताया कि अगर चीन और रूस ऐसा कर रहे होते तो हमें पता चल ही जाता, लेकिन वो ऐसा नहीं कर सकते क्योंकि उनके पास खोने के लिए बहुत कुछ है। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पोस्ट में लिखा, मैं कट्टर वामपंथी लोगों और कुछ अति-उत्साही टिप्पणियों को देखकर हैरान हूं, जिनमें कहा जा रहा है कि चीन और रूस महान इस्लामी गणराज्य ईरान की मदद कर रहे हैं। उन्होंने पोस्ट में आगे लिखा, अगर वे मदद कर भी रहे हैं, तो वह बहुत सीमित स्तर पर होगी लेकिन मुझे तो बिल्कुल नहीं लगता कि वे ऐसा कर रहे हैं। उनके पास खोने के लिए बहुत कुछ है। अगर ऐसा कुछ हो रहा होता, तो हमें इसकी जानकारी मिल जाती और बहुत जल्दी मिल जाती। ट्रंप कई बार कह चुके हैं कि संघर्ष जल्द ही समाप्त होने वाला है। ट्रंप का कहना है कि अमेरिका चाहे तो अभी ईरान में अपनी सैन्य भागीदारी खत्म कर सकता है, अगर पक्की गारंटी मिल जाए कि ईरान भविष्य में कभी परमाणु हथियार हासिल नहीं करेगा। ट्रंप ने कहा, हम अभी वहां से निकल सकते हैं लेकिन हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि भविष्य में उनके पास परमाणु हथियार न हों और हम यह सुनिश्चित करेंगे। रविवार को ट्रंप ने कहा था कि अमेरिका सात महीनों से इस संघर्ष में शामिल है। उन्होंने इसकी तुलना वियतनाम और अफगानिस्तान जैसे पुराने अमेरिकी युद्धों से की। उन्होंने कहा कि अब ईरान में हमें सात महीने हो चुके हैं। इससे पहले उन्होंने कहा कि फिलहाल अमेरिका का इस संघर्ष में पूर्ण नियंत्रण है। होर्मुज स्ट्रेट पर हमारी नौसेना अद्भुत काम कर रही है। उस देश की नौसेना, वायु सेना और उनका रडार सिस्टम पूरी तरह नेस्तनाबूद हो चुके हैं। इतना ही नहीं उनके शीर्ष नेताओं को भी खत्म कर दिया गया है।

जुबीन गर्ग मौत मामले में अमृतप्रभा महंत जेल से रिहा, गुवाहाटी हाईकोर्ट ने दी थी जमानत



डेली आवाज भारती

गुवाहाटी । असम के मशहूर सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में आरोपी सिंगर अमृतप्रभा महंत मंगलवार को जेल से रिहा हो गईं। गुवाहाटी हाईकोर्ट से जमानत मिलने के चार दिन बाद उन्हें हाफलोंग सब-जेल से रिहा किया गया। जरूरी कानूनी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद वह जेल से बाहर आईं। इस मामले में मुख्य केस में जमानत पाने वाली वह पहली आरोपी हैं। अमृतप्रभा महंत 17 अक्टूबर 2025 से जेल में बंद थीं। गुवाहाटी हाईकोर्ट के जस्टिस प्रांजल दास ने 9 अक्टूबर को उन्हें जमानत दी थी। कोर्ट ने 50 हजार रुपए के बॉन्ड और उतनी ही रकम की दो जमानत राशि जमा करने की शर्त रखी थी। मामले में कई दिनों तक सुनवाई चली थी। इसके बाद विशेष लोक अभियोजक जियाउल कमर ने कोर्ट के फैसले की पुष्टि की थी।

हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि शुरुआती तौर पर ऐसा लगता है कि जुबीन गर्ग की मौत से पहले उनकी सेहत को लेकर जरूरी मेडिकल सावधानियों का पालन नहीं किया गया था। सिंगर पहले से कई स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। ऐसे में उनके साथ एक केयरटेकर या मेडिकल अटेंडेंट होना चाहिए था, जो यह सुनिश्चित करता कि डॉक्टरों की ओर से बताए गए मेडिकल प्रोटोकॉल का पालन हो रहा है।

एलटीसीजी टैक्स पर अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी, बजट की तैयारी शुरू हो चुकी है: वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली । वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन (एलटीसीजी) टैक्स व्यवस्था में बदलाव की संभावना से इनकार नहीं किया, और कहा कि अगले केंद्रीय बजट की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं और यह कहने का अभी सही समय नहीं है कि सरकार किन मुद्दों पर विचार करेगी। ब्लूमबर्ग न्यू इकॉनमी फोरम में बोलते हुए वित्त मंत्री ने स्वीकार किया कि भारत और विदेशों के निवेशक इस मुद्दे पर अपनी राय रख रहे हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन टैक्स (एसटीटी) का सवाल भी इससे जुड़ा हुआ है।

उन्होंने कहा कि बाजार के प्रतिभागियों ने यह मुद्दा उठाया है कि क्या सभी एसेट क्लास के साथ समान व्यवहार किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सरकार इन सभी मुद्दों पर आने वाले विचारों और सुझावों को गंभीरता से सुनेगी।

वित्त मंत्री की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब सरकार वित्त वर्ष 2027-28 के केंद्रीय बजट की तैयारी कर रही है, जिसे 1 फरवरी, 2027 को पेश किया जाना है।

मौजूदा नियमों के तहत, एक साल से अधिक समय तक रखे गए सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों और इक्विटी म्यूचुअल फंड पर होने वाले लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन पर 12.5 प्रतिशत कर लगाया जाता है, जबकि सालाना 1.25 लाख रुपए तक के लाभ को कर से छूट प्राप्त है।

इन बदलावों को जुलाई 2024 के बजट में लागू किया गया था, जब सरकार ने एलटीसीजी कर की दर 10 प्रतिशत से बढ़ाई थी और कर छूट की सीमा को 1 लाख रुपए से बढ़ाकर 1.25 लाख रुपए किया था। बजट 2026 में बाजार के कुछ वर्गों की ओर से कर दर कम करने या छूट सीमा बढ़ाने की उम्मीदों के बावजूद पूंजीगत लाभ कर की मौजूदा संरचना को बरकरार रखा गया था। हालांकि, फ्यूचर्स और ऑप्शंस (एफएंडओ) ट्रेडिंग पर सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन टैक्स में बढ़ोतरी की गई थी। उधर, उद्योग संगठनों और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने कई बार यह तर्क दिया है कि भारत की पूंजीगत लाभ कर व्यवस्था घरेलू इक्विटी बाजारों की प्रतिस्पर्धात्मकता को प्रभावित करती है और निवेश प्रवाह पर असर डालती है।

इसके साथ ही, विदेशी निवेशक इस वर्ष लंबे समय तक भारतीय इक्विटी बाजारों में शुद्ध बिकवाल बने रहे हैं।

वित्त मंत्री की टिप्पणियों के बाद शेयर बाजार में तेजी देखी गई और कारोबार के अंत में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों प्रमुख सूचकांक 1 प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुए।

यौन उत्पीड़न के आरोपों पर भाजपा महिला सांसदों ने राष्ट्रपति से की मुलाकात, अकोइजम को हटाने की मांग

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। भाजपा की महिला सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर कांग्रेस सांसद और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के प्रोफेसर अंगोमचा बिमोल अकोइजम के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपकर अकोइजम को सांसद पद से हटाने और उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने कांग्रेस नेतृत्व पर आरोप लगाया कि वह अपने सांसद के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहा है। उन्होंने कांग्रेस मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन कर रही भाजपा महिला कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी पदाधिकारी संजीव सिंह पर मारपीट, अभद्र व्यवहार और अश्लील भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप भी लगाया। प्रतिनिधिमंडल में लोकसभा सांसद कमलजीत सहरावत, बांसुरी स्वराज और मालविका देवी शामिल थीं। इनके अलावा राज्यसभा सांसद एस. फांगनोन कोन्याक, गीता शाक्य और भाजपा की वरिष्ठ नेता तथा राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष रेखा शर्मा भी मौजूद थीं। रेखा शर्मा ने दावा किया कि जेएनयू की 11 छात्राओं का यौन उत्पीड़न किया गया। उनके अनुसार, छात्राओं को अलग-अलग फिल्मों के दृश्य दिखाए गए और उनसे निजी संबंधों को लेकर सवाल पूछे गए। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से सवाल किया कि पार्टी इस मामले पर चुप क्यों है। शर्मा ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति से अकोइजम को सांसद पद से हटाने का अनुरोध किया, क्योंकि उन्हें कांग्रेस की ओर से कार्रवाई की उम्मीद नहीं है। दिल्ली पुलिस ने जेएनयू के मुख्य सुरक्षा अधिकारी की शिकायत के आधार पर 11 अक्टूबर को प्राथमिकी दर्ज की। मामला वसंत कुंज नॉर्थ थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 75, 75(1)(द्व), 75(1)(द्व1) और 79 के तहत दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, मामले की आगे जांच की जा रही है।

जेएनयू ने प्रोफेसर को किया बर्खास्त

जेएनयू ने 9 अक्टूबर को अकोइजम को तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया था। विश्वविद्यालय के आदेश के मुताबिक, आंतरिक समिति ने जांच के निष्कर्षों के आधार पर उनके खिलाफ कड़ी सजा की सिफारिश की थी। अकोइजम विश्वविद्यालय के सामाजिक विज्ञान स्कूल के सामाजिक व्यवस्था अध्ययन केंद्र से जुड़े थे। उन्होंने अपने ऊपर लगे आरोपों को राजनीतिक रूप से प्रेरित बताया है।

टीएमसी ने सीईओ की घोषणा पर उठाए सवाल, कहा- चुनाव से पहले कहां थी सक्रियता?

डेली आवाज भारती



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व वाले तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) गुट ने मंगलवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय की उस घोषणा पर सवाल उठाए, जिसमें मतदाता सूची से हटाए गए पात्र मतदाताओं और नए या पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए अभियान शुरू करने की जानकारी दी गई थी। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले टीएमसी गुट ने मंगलवार दोपहर सोशल मीडिया पर जारी एक पोस्ट में आरोप लगाया कि सीईओ कार्यालय की सोमवार की घोषणा इस बात की अप्रत्यक्ष स्वीकारोक्ति है कि पूरा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान भारतीय जनता पार्टी को ऐसी सीटें जिताने में मदद करने के लिए किया गया था, जिनके बारे में उसने कभी सोचा भी नहीं था। सोशल मीडिया पोस्ट में टीएमसी गुट ने कहा, ÷चुनाव से पहले पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने के बाद चुनाव आयोग अब अचानक यह सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय अभियान शुरू करना चाहता है कि कोई भी पात्र मतदाता छूट न जाए। चुनाव से पहले यह सक्रियता कहां थी? बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया इतनी जल्दबाजी और बिना योजना के क्यों कराई गई? इसके साथ ही यह भी कहा कि इस अभियान को शुरू करने की घोषणा का समय पूरी प्रक्रिया की ईमानदारी, निष्पक्षता और तटस्थता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। सोशल मीडिया बयान में कहा गया, ईसीआई को इन विसंगतियों की व्याख्या करनी चाहिए और जवाबदेही सुनिश्चित करनी चाहिए, न कि नागरिकों से बिना सवाल किए इस प्रक्रिया को स्वीकार करने की उम्मीद करनी चाहिए। बयान में आगे कहा गया, तार्किक विसंगतियों और खराब तरीके से किए गए एसआईआर के नाम पर ईसीआई ने लोगों का मतदान का अधिकार छीन लिया, ताकि एक अवैध सरकार को सत्ता में लाया जा सके। कोई भी सरकार उस चुनावी प्रक्रिया में जनता के भरोसे के बिना वैधता का दावा नहीं कर सकती, जिसने उसे सत्ता तक पहुंचाया हो। कोई भी अवैध चीज हमेशा नहीं टिकती। बंगाल में भाजपा की सरकार भी नहीं टिकेगी। सोमवार को सीईओ कार्यालय ने दावा किया था कि सभी 24 जिलों के जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) और जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) मतदाता सूची से हटाए गए पात्र मतदाताओं तथा नए या पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए सक्रिय अभियान शुरू कर चुके हैं सीईओ ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र मतदाता वोटर लिस्ट से बाहर न रह जाए।

राहुल के सुरक्षाकर्मियों ने सीएम शिवकुमार को मारा धक्का, भाजपा बोली- 'वरिष्ठों का कोई सम्मान नहीं'

डेली आवाज भारती



बेंगलुरु । भाजपा ने मंगलवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के सुरक्षाकर्मियों द्वारा दिल्ली में एक विरोध मार्च के दौरान कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को धक्का देने के मामले पर सवाल उठाया और अपनी ही पार्टी के नेतृत्व द्वारा एक मौजूदा मुख्यमंत्री को दिए जाने वाले सम्मान पर सवाल उठाया। भाजपा4इंडिया ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्ट में इस घटना का एक वीडियो साझा किया और शिवकुमार का मजाक उड़ाते हुए कहा कि वह विरोध प्रदर्शन में तो आए लेकिन ÷केतली से भाप की तरह गायब हो गए÷। भाजपा ने अपने पोस्ट में कहा, ÷राहुल गांधी एक मौजूदा मुख्यमंत्री के साथ ऐसा व्यवहार करते हैं। कोई सम्मान नहीं, कोई आदर नहीं, बस कांग्रेस शैली का अपमान। कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष और विधायक विजयेंद्र ने भी वीडियो साझा करते हुए कांग्रेस नेतृत्व की आलोचना की। उन्होंने सवाल उठाया कि मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए भी शिवकुमार को पार्टी के उच्च कमान से किस प्रकार का सम्मान और आदर प्राप्त होता है। विजयेंद्र ने कहा, आप राज्य में घूम-घूम कर जो चाहें कह सकते हैं लेकिन आपको अपने हाईकमान के गलियारों में कितना सम्मान और गरिमा मिलती है, यह पूरी दुनिया में सार्वजनिक जानकारी का विषय है! उन्होंने कहा कि शिवकुमार कांग्रेस हाईकमान के लिए उतने ही अपरिहार्य हैं जितना वे मानते हैं, यह भाजपा का विषय नहीं है। हालांकि, उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठे किसी कन्नड़ भाषी का अपमान कन्नड़ भाषी लोगों के गौरव का मुद्दा है। विजयेंद्र ने शिवकुमार पर कटाक्ष करते हुए पूछा, क्या आपने इतना आत्मसम्मान बचाए रखा है कि आप अपने हाईकमान को इस बारे में बता सकें। इस बीच, मंगलवार को बेंगलुरु में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उपमुख्यमंत्री जी. परमेश्वर ने कहा कि विरोध प्रदर्शनों और बड़ी सभाओं के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का प्रबंधन करना चुनौतीपूर्ण होता है।

15 अक्टूबर को सामूहिक प्रदर्शन करेगी आम आदमी पार्टी, ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे तक आंदोलन जारी रखने की घोषणा

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली । वोट चोरी के आरोपों और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) ने 15 अक्टूबर को दिल्ली में सामूहिक विरोध प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। पार्टी ने स्पष्ट किया है कि जब तक ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा नहीं होता, एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) प्रक्रिया रद्द नहीं की जाती और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने की व्यवस्था नहीं बनती, तब तक उसका आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शन को लेकर पार्टी ने अपनी रणनीति तैयार करने के लिए वरिष्ठ नेताओं और संगठन के पदाधिकारियों के साथ बैठक भी की। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने बताया कि पार्टी मुख्यालय में आयोजित बैठक के दौरान वोट चोरी के मुद्दे, मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग और आंदोलन को दबाने के लिए सरकार पर लगाए जा रहे पुलिसिया कार्रवाई के आरोपों पर चर्चा हुई। बैठक में आंदोलन को और तेज करने की रणनीति बनाई गई। पार्टी ने निर्णय लिया है कि 15 अक्टूबर को होने वाले सामूहिक प्रदर्शन में विधायकों और पार्षदों के साथ प्रदेश, जिला, विधानसभा तथा वार्ड स्तर के पदाधिकारी भी शामिल होंगे। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आम आदमी पार्टी की मुख्य मांग मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक यह मांग पूरी नहीं होती, पार्टी का विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि आंदोलन को रोकने के लिए पुलिस बल का इस्तेमाल किया जा रहा है, लेकिन पार्टी अहिंसक तरीके से अपना विरोध जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस की कार्रवाई, लाठीचार्ज और प्रदर्शनकारियों के साथ कथित दुर्व्यवहार के बावजूद पार्टी पीछे हटने वाली नहीं है। उनके मुताबिक, आम आदमी पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से अपने अधिकारों और निष्पक्ष चुनाव की मांग उठा रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी शांतिपूर्ण आंदोलन के माध्यम से अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद करती रहेगी। सौरभ भारद्वाज ने जंतर-मंतर को प्रदर्शन स्थल के रूप में डी-नोटिफाई किए जाने पर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आंदोलन में लोगों की बढ़ती भागीदारी से घबराई हुई है और प्रदर्शनकारियों को निर्धारित स्थल से दूर रखने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार आम आदमी पार्टी को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की अनुमति नहीं देना चाहती तो उसे रामलीला मैदान में शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने की अनुमति देनी चाहिए।

एलटीसीजी पर चर्चाओं से भारतीय शेयर बाजार में तूफानी तेजी; सेंसेक्स 1,109 अंक चढ़ा

डेली आवाज भारती



मुंबई । भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार को तूफानी तेजी देखने को मिली। इस दौरान सेंसेक्स 1,109.10 अंक या 1.54 प्रतिशत की तेजी के साथ 73,033.78 और निफ्टी 358.60 अंक या 1.60 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,721.95 पर था। बाजार में तेजी का नेतृत्व आईटी शेयरों ने किया। सूचकांकों में निफ्टी आईटी 5.22 प्रतिशत की तेजी के साथ टॉप गेनर था। निफ्टी रियल्टी, निफ्टी सर्विसेज, निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज, निफ्टी पीएसयू बैंक, निफ्टी इंडिया डिफेंस, निफ्टी एफएमसीजी, निफ्टी ऑटो और निफ्टी मेटल के साथ करीब सभी सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। केवल निफ्टी फार्मा ही सपाट बंद हुआ। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में मजबूत खरीदारी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 624.65 अंक या 1.06 प्रतिशत की तेजी के साथ 59,459.20 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 21.60 अंक या 0.11 प्रतिशत की मजबूती के साथ 19,447.40 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स पैक में एचसीएल टेक, टीसीएस, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, एचयूएल, ट्रेंट, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, टाइटन, बीईएल, एमएंडएम,भारती एयरटेल, एसबीआई, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, टाटा स्टील, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स, एक्सिस बैंक और अदाणी पोर्ट्स गेनर्स थे। केवल कोटक महिंद्रा बैंक, मारुति सुजुकी और इटरनल लूजर्स थे।

जानकारों ने कहा कि बाजार में तेजी की वजह वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का वह बयान है, जिसमें उन्होंने कहा, ÷सरकार बजट से जुड़ी बातचीत के दौरान लॉन्ग-टर्म कैपिटल गेन्स (एलटीसीजी) टैक्स को हटाने पर लोगों की राय जानना चाहती है।÷ इसकी वजह भारत में निवेशकों की ओर से इक्विटी पर लगने वाले टैक्स को लेकर लगातार सवाल उठाना है।

इसके अलावा, उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी कंपनियों की उम्मीद से बेहतर कमाई ने कॉर्पोरेट मुनाफे में बढ़ोतरी को लेकर भरोसा बढ़ाया, जिससे लार्ज-कैप शेयरों में तेजी आई। रुपए में स्थिरता और बॉन्ड यील्ड में कमी ने भी बाजार के मूड को बेहतर बनाया, जिससे फाइनेंशियल शेयरों पर फोकस बढ़ा।

जीवन की मंजिल के लिए सहनशीलता, अनासक्ति और जागृत प्रज्ञा जरूरी : युवाचार्य महेन्द्र ऋषिजी

डेली आवाज भारती



अक्टूबर को पुच्छिस्सुणं संपुट जाप का समापन, 18 से नवपद आयंबिल ओलीजी की आराधना भीलवाड़ा। जीवन की मंजिल केवल इच्छा से तय नहीं होती, उसके लिए भीतर ऐसी शक्ति चाहिए जो प्रतिकूलता में पृथ्वी की तरह सह सके, कर्मों के बंधन को पुरुषार्थ से तोड़ सके, भौतिक आकर्षण के बीच निर्लिप्त रह सके और प्रज्ञा के प्रकाश में सही दिशा चुन सके। भगवान महावीर का जीवन इसी सहनशीलता, अनासक्ति, अभय और जागृत प्रज्ञा की चरम अभिव्यक्ति है। ये विचार श्रमणसंघीय युवाचार्य महेन्द्र ऋषिजी ने शांतिभवन में चल रहे पुच्छिस्सुणं संपुट जाप के अंतर्गत पच्चीसवीं गाथा के सामूहिक जाप के उपरांत उसकी व्याख्या एवं विवेचना करते हुए व्यक्त किए। युवाचार्यश्री ने कहा कि गाथा मनुष्य को अपने जीवन का लक्ष्य तय करने का आलंबन देती है। इसमें भगवान महावीर को पृथ्वी के समान सहनशील, कर्मों को धुनकर अलग करने वाले, आसक्ति और संग्रह से रहित, भवसागर को पार करने वाले, अभयदाता और अनंत प्रज्ञा से संपन्न बताया गया है। इन गुणों का स्मरण परमात्मा की स्तुति भर नहीं, अपने जीवन की दिशा जांचने की कसौटी है। पृथ्वी की सहनशीलता का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि मनुष्य उसे खोदता है, उस पर अशुचि डालता है, फिर भी पृथ्वी सबको समाहित कर लेती है। सहनशीलता का अर्थ केवल कष्ट सह लेना नहीं, बल्कि प्रतिकूलता के बाद भी भीतर घृणा और तिरस्कार को स्थान न देना है। भगवान महावीर ने शूलपाणि, संगम सहित अनेक उपसर्गों के बीच यही अवस्था बनाए रखी। भक्ति का प्रभाव तभी है, जब हमारे भीतर तिरस्कार घटे और स्वीकार बढ़े।

कर्मों को धुनने की उपमा समझाते हुए युवाचार्यश्री ने कहा कि जिस प्रकार धुनकी कपास के जुड़े रेशों को अलग करती है, उसी प्रकार भगवान महावीर ने कठोर साधना और असाधारण मनोबल से आत्मा से जुड़े कर्मबंध को क्षीण किया। परमात्मा की अवस्था सहज उपलब्ध नहीं हुई, उसके पीछे कर्मों से मुक्त होने का प्रखर पुरुषार्थ था। उन्होंने कहा कि भौतिक सुख अपने आप में बंधन नहीं हैं, उनसे चिपक जाने वाली आसक्ति बंधन बनती है। मनुष्य वस्तु, व्यक्ति और स्थान पर लगातार 'मेरा' की मुहर लगाता जाता है और यही संग्रह धीरे-धीरे उसके भीतर भार बन जाता है। जीवन के अधिकांश बोझ हमें कोई देता नहीं, हम 'मेरा' कहकर स्वयं उठा लेते हैं।

युवाचार्यश्री ने सिर पर रास्ते भर सामान जमा करते चले गए व्यक्ति और संकट में पड़े जहाज में हीरे-जवाहरात न छोड़ने वाले व्यापारी के प्रसंगों से समझाया कि मनुष्य कई बार अपनी यात्रा से अधिक अपने संग्रह को बचाने में लग जाता है। सांस टूटते ही वैभव, संबंध और संचित वस्तुएं यहीं रह जाती हैं। इसलिए त्याग का अर्थ वस्तु का अभाव नहीं, उसके प्रति भीतर की पकड़ का समाप्त होना है। भौतिक आकर्षण को गुरुत्वाकर्षण से जोड़ते हुए उन्होंने कहा कि जिस प्रकार कोई उपग्रह धरती के आकर्षण से मुक्त हुए बिना ऊंचाई नहीं पा सकता, उसी प्रकार चेतना भी आसक्ति और 'मेरा' के आकर्षण से बंधी रहकर ऊपर नहीं उठ सकती। जिसे छोड़ने की शक्ति नहीं, वही अंततः मनुष्य को बांधने लगता है।

CMYK

page 8_Layout 1 13-10-2026 21:29 Page 1

पटियाला में धमाके जैसी तेज आवाज से मचा हड़कंप, घरों से बाहर निकले लोग

आवाज इतनी तेज थी कि कई इलाकों में खिड़कियां और दरवाजे हिलने लगे

- शहर में स्थिति सामान्य और रोजमर्रा गतिविधियां जारी : डीसी हिमांशु अग्रवाल

डेली आवाज भारती



पटियाला। पंजाब के पटियाला में सोमवार शाम धमाके जैसी तेज आवाज सुनाई देने से लोगों में दहशत फैल गई। आवाज इतनी तेज थी कि कई इलाकों में खिड़कियां और दरवाजे हिलने लगे। इसके बाद लोगों में अफरा-तफरी मच गई और पुलिस कंट्रोल रूम में लगातार फोन आने लगे। हालांकि, अभी तक किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान या अन्य घटना की सूचना नहीं मिली है। पटियाला के डिप्टी कमिश्नर हिमांशु अग्रवाल ने बताया कि यह आवाज सोनिक बूम हो सकती है। हालांकि, प्रशासन अभी इसकी असली वजह की पुष्टि करने में जुटा हुआ है। जानकारी के मुताबिक, शहर के मुख्य इलाकों, विश्वविद्यालय परिसरों और बाहरी रिहायशी क्षेत्रों से लोगों ने अचानक तेज आवाज सुनाई देने की सूचना दी। कुछ लोग घरों से बाहर निकलकर यह पता लगाने लगे कि आखिर हुआ क्या है। प्रशासन के मुताबिक, शहर में स्थिति सामान्य है और रोजमर्रा की गतिविधियां जारी हैं। फिलहाल, तेज आवाज के पीछे की असली वजह की पुष्टि होना बाकी है।

सोशल मीडिया पर भी चर्चाएं शुरू

सोशल मीडिया पर भी इस आवाज को लेकर चर्चाएं शुरू हो गईं। नाभा, पटियाला बाईपास और अर्बन एस्टेट के लोगों ने भी इससे जुड़ी जानकारी साझा की। अधिकारियों को आशंका है कि इलाके में उड़ रहे किसी सुपरसोनिक लड़ाकू विमान की वजह से यह आवाज आई हो सकती है। जब कोई विमान ध्वनि की गति से तेज उड़ता है, तो सोनिक बूम पैदा हो सकता है। इससे अचानक तेज धमाके जैसी आवाज सुनाई देती है।

पंजाब में 3 दिन मौसम रहेगा खराब, आंधी-बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट

चंडीगढ़। पंजाब और चंडीगढ़ में अगले तीन दिन मौसम बदलने के आसार हैं। मौसम विभाग ने आंधी, बारिश, बिजली गिरने और ओलावृष्टि की संभावना जताई है। आज कुछ इलाकों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, 14 और 15 अक्टूबर को भी तेज हवाएं चलने और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि होने की संभावना है। पठानकोट, होशियारपुर, रूपनगर, फाजिल्का, मुक्तसर और बठिंडा में गरज-चमक, बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने की आशंका है। पंजाब के औसत अधिकतम तापमान में 4.4 डिग्री की बढ़ोतरी हुई है, लेकिन यह अभी भी सामान्य से 2.4 डिग्री नीचे है। भाखड़ा डैम में सबसे अधिक 32.2 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, पाकिस्तान में बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन और हिमाचल प्रदेश व उत्तरी हरियाणा के आसपास सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। वहीं, चंडीगढ़ में बादल छाए रहने के साथ बारिश या गरज-चमक वाली बौछारें पड़ सकती हैं।

पंजाब में नशा विरोधी कार्यकर्ता की हत्या पर मजीठिया ने उठाए सवाल

बोले- आवाज उठाने वालों को मार दिया जाएगा

डेली आवाज भारती



पंजाब। पंजाब के मानसा में नशे के खिलाफ अभियान चलाने वाले कार्यकर्ता परविंदर सिंह झोटा की एक मेडिकल स्टोर संचालक द्वारा कथित तौर पर गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना की शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के महासचिव बिक्रम सिंह मजीठिया ने मंगलवार को निंदा की। उन्होंने नशे के खिलाफ आवाज उठाने वालों की सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार पर सवाल उठाए और सरकार से इस्तीफे की मांग की। मजीठिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ÷परविंदर सिंह झोटा मानसा में लंबे समय से नशे के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे थे। एक मेडिकल स्टोर पर कथित तौर पर चिट्टा (हेरोइन) की बिक्री का लाइव प्रसारण के दौरान खुलासा करते हुए उनकी हत्या कर दी गई। भगवंत मान, क्या अब आवाज उठाने वाले हर व्यक्ति को मार दिया जाएगा? पंजाब के लोगों, एकजुट हों और इस सरकार से जवाब तथा इस्तीफे की मांग करें।÷ परविंदर सिंह झोटा की मंगलवार सुबह मानसा में गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना के बाद क्षेत्र में नशे के दुरुपयोग और नशीले पदार्थों की कथित अवैध बिक्री के खिलाफ अभियान चलाने वाले लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, नशे के खिलाफ झोटा की गतिविधियों को लेकर हुए विवाद के बाद एक मेडिकल स्टोर संचालक ने कथित तौर पर उन पर गोली चला दी। झोटा नशा विरोधी टास्क फोर्स से जुड़े थे और नशीले पदार्थों की तस्करी तथा नशे की लत लगाने वाले पदार्थों की कथित बिक्री के खिलाफ सक्रिय रूप से अभियान चला रहे थे। बताया गया है कि वह नशे की बिक्री में शामिल होने के संदेह वाले लोगों का विरोध करते थे और इस समस्या के खिलाफ स्थानीय लोगों को लामबंद करते थे। इस घटना पर कांग्रेस नेता अर्शदीप गागोवाल ने इसे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया और प्रशासन से आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। गागोवाल ने आईएएनएस से कहा, ÷यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। वह पिछले चार-पांच वर्षों से लोगों के लिए लड़ाई लड़ रहे थे और इसी संघर्ष के दौरान उन्होंने अपनी जान गंवा दी। उनके पीछे छोटे बच्चे हैं। मैं प्रशासन से आग्रह करता हूं कि हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ की जाए। शिरोमणि अकाली दल के नेता दलजीत सिंह चीमा ने भी राज्य सरकार की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि पंजाब में कानून-व्यवस्था की स्थिति काफी बिगड़ गई है। चीमा ने कहा, पंजाब में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और लंबे समय से यही स्थिति बनी हुई है। कई पुलिस थानों और चौकियों पर ग्रेनेड हमले हो चुके हैं। इससे पहले खुफिया मुख्यालय पर भी रॉकेट लॉन्चर से हमला किया गया था। भाजपा मुख्यालय और भाजपा कार्यकर्ताओं की दुकानों को भी निशाना बनाया गया है। कम समय में ड्यूटी से घर लौटते वक्त सात पुलिस सहायक उपनिरीक्षकों (एएसआई) की हत्या कर दी गई। हाल ही में अमृतसर के एक यूट्यूबर की भी हत्या हुई थी।÷ उन्होंने आरोप लगाया कि हालात चिंताजनक हो गए हैं और नशे के कारोबार का विरोध करने वाले लोगों की जान पर खतरा मंडरा रहा है।

परमिंदर झोटा की हत्या के पीछे आपसी रंजिश, मुख्य आरोपी 24 घंटे में किया जाएगा गिरफ्तार : हरजीत सिंह, डीआईजी मानसा रेंज

खास साथी गिरफ्तार, मुख्य आरोपी को पकड़ने के लिए कई पुलिस टीमें बनाई गईं- हरजीत सिंह, डीआईजी मानसा रेंज

डेली आवाज भारती

मानसा। मानसा में एंटी-ड्रग एक्टिविस्ट परमिंदर झोटा की हत्या की शुरुआती जांच से पता चला है कि घटना के पीछे आपसी रंजिश है। डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल (डीआईजी) हरजीत सिंह ने मंगलवार को भरोसा दिलाया कि पुलिस टीमें 24 घंटे में मुख्य आरोपी को पकड़ने के लिए काम कर रही हैं। इस मामले में एक मुख्य साथी को गिरफ्तार कर लिया गया है, परिवार के सदस्यों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है और एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मीडिया से बात करते हुए, डीआईजी मानसा रेंज हरजीत सिंह ने कहा, ÷पुलिस को आज सुबह करीब 10:30 बजे घटना की जानकारी मिली। शुरुआती जांच में पता चला है कि मानसा में काम करने वाले एंटी-ड्रग एक्टिविस्ट परमिंदर झोटा पर केमिस्ट शॉप के मालिक अश्विनी कुमार नेथ ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से गोली चलाई, जिससे उनकी मौत हो गई। उन्होंने कहा, एक एफआईआर दर्ज कर ली गई है और मुख्य आरोपी को पकड़ने के लिए कई पुलिस टीमें बनाई गई हैं। उसके परिवार वालों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है, जबकि उसके एक खास साथी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस टीमें मुख्य आरोपी का पता लगाने और उसे जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के लिए सीआईडी और दूसरे विभागों के साथ कोऑर्डिनेट कर रही हैं। डीआईजी ने आगे कहा, ÷शुरुआती जांच से पता चलता है कि यह हत्या आपसी रंजिश के कारण की गई थी। इन दोनों लोगों के बीच 2023 में भी एक घटना हुई थी और इस पुराने झगड़े की भी जांच की जा रही है।÷ प्रदर्शनकारियों को कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए डीआईजी हरजीत सिंह ने कहा, ÷हमने प्रदर्शनकारियों को भरोसा दिलाया है कि मुख्य आरोपी को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया जाएगा और कानून के मुताबिक सख्त कार्रवाई की जाएगी।

निजी रंजिश हिंसा का बहाना नहीं हो सकती, जिम्मेदार लोगों पर सख्त कानूनी कार्रवाई होगी: बलतेज पन्नू

इस बीच, आप पंजाब के मीडिया इंचार्ज और स्टेट जनरल सेक्रेटरी (ऑर्गनाइजेशन) बलतेज पन्नू ने कहा, ÷परमिंदर झोटा की हत्या के पीछे निजी रंजिश की ओर इशारा करने वाले पुलिस के शुरुआती तथ्यों की पूरी जांच होनी चाहिए। निजी विवाद चाहे जो भी हो, किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने का कोई हक नहीं है। उन्होंने आगे कहा, इस जुर्म के लिए जो भी जिम्मेदार पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्य आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाना चाहिए और जांच निष्पक्ष तरीके से होनी चाहिए ताकि कानून के मुताबिक इंसाफ मिल सके।

यूनिवर्सिटी कॉलेज ढिलवां में सात दिवसीय एनएसएस कैंप का आयोजन

डेली आवाज भारती



ढिलवां/बरनाला, यूनिवर्सिटी कॉलेज ढिलवां की एनएसएस इकाई की ओर से प्रिंसिपल डॉ. लखविंदर सिंह रखड़ा के नेतृत्व में सात दिवसीय एनएसएस कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का आयोजन एनएसएस प्रोग्राम अधिकारी प्रो. देव करण द्वारा किया गया। इस कैंप में एनएसएस स्वयंसेवकों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। कैंप की शुरुआत सुबह की प्रार्थना से हुई। प्रो. देव करण ने विद्यार्थियों को पूरे दिन की गतिविधियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके बाद विद्यार्थियों को विभिन्न समूहों में बांटा गया और कॉलेज परिसर की सफाई की गई। इस अवसर पर कॉलेज में ट्रैफिक पुलिस के इंस्पेक्टर शेरविंदर सिंह ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों और साइबर अपराध के विषय पर विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने तथा साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने के लिए जागरूक किया। एनएसएस कैंप का उद्घाटन गांव ढिलवां के सरपंच बिंदर सिंह खालसा, सरपंच जसविंदर सिंह, सरपंच कुलविंदर सिंह और ब्लॉक समिति सदस्य तेजिंदर सिंह ने किया। डॉ. बिक्रमजीत पुरबा ने कैंप के दौरान अनुशासन बनाए रखने की जिम्मेदारी निभाई। वहीं, प्रो. गुरप्रीत सिंह (कंप्यूटर) ने कैंप में सफाई एवं प्रबंधन संबंधी व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा। कैंप के दौरान प्रो. संदीप सिंह मान, प्रो. चरणजीत कौर, प्रो. अमनदीप कौर, प्रो. गुरप्रीत कौर (पंजाबी), प्रो. गुरप्रीत कौर (अंग्रेजी), प्रो. हरप्रीत कौर, सरदार हरदीप सिंह तथा विद्यार्थियों ने एनएसएस रसोई में अपने हाथों से भोजन तैयार किया।

पंजाब में नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले भी सुरक्षित नहीं : ज्ञान सिंह छत्त

परमिंदर सिंह झोटे की हत्या पर कांग्रेस नेता ने जताया दुख, आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

डेली आवाज भारती



कुराली। संदीप अकालगढ़िया: पंजाब में नशे के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले नौजवान परमिंदर सिंह झोटे की मानसा में हुई हत्या पर दुख व्यक्त करते हुए कांग्रेस नेता ज्ञान सिंह छत्त ने कहा कि पंजाब में नशे के खिलाफ लड़ने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि परमिंदर सिंह झोटे की हत्या समूचे पंजाबियों और नशे के खिलाफ संघर्ष कर रही नौजवान पीढ़ी के लिए बड़ा झटका है। ज्ञान सिंह छत्त ने कहा कि पंजाब से नशे को खत्म करने के वादे करके सत्ता में आई आम आदमी पार्टी की सरकार नशे की समस्या पर काबू पाने में असफल साबित हो रही है। उन्होंने मांग की कि इस मामले की निष्पक्ष जांच करवाई जाए और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए भी ठोस प्रबंध किए जाने चाहिए। उन्होंने संगरूर में गुलजार सिंह के साथ हुई घटना और विधानसभा हलका खरड़ के गांव पड़ौल में सत्ती पहलवान की हत्या का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं पंजाब में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य में लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार और पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारी है। ज्ञान सिंह छत्त ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान से मांग की कि राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को तुरंत बदलकर किसी योग्य अधिकारी को इस पद की जिम्मेदारी सौंपी जाए, ताकि पंजाब में हो रही ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा सकें। उन्होंने कहा कि पंजाब की नौजवान पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए सरकार को केवल घोषणाएं करने के बजाय जमीनी स्तर पर ठोस कार्रवाई करनी चाहिए। नशा तस्करी पर रोक लगाने, अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना मजबूत करने के लिए पुलिस प्रशासन की जवाबदेही तय करना भी जरूरी है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ज्ञान सिंह छत्त ने कहा कि पंजाब के लोग मौजूदा सरकार की कार्यप्रणाली से निराश हैं। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों में पंजाब की जनता कांग्रेस पार्टी को दोबारा सत्ता में लाएगी।

कुराली में नए 'जॉली मेडिकल स्टोर' का उद्घाटन, एक ही छत के नीचे मिलेंगी स्वास्थ्य सुविधाएं

डेली आवाज भारती



कुराली, संदीप अकालगढ़िया। शहर कुराली के निवासियों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से नगर काउंसिल कार्यालय के ठीक सामने नए 'जॉली मेडिकल स्टोर' का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर नगर काउंसिल कुराली के अध्यक्ष बहादुर सिंह ओके और बाबा गाजीदास क्लब के अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध समाजसेवी दविंदर सिंह बाजवा ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर मेडिकल स्टोर की शुरुआत की। उद्घाटन समारोह के दौरान श्री सुखमनी साहिब के पाठ के भोग डाले गए तथा सर्वजन के भले की अरदास की गई। इसके बाद उपस्थित संगत के लिए लंगर भी वितरित किया गया। धार्मिक माहौल के बीच आयोजित इस समारोह में क्षेत्र की कई प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया और नए प्रतिष्ठान की शुरुआत पर संचालकों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर आयोजकों ने बताया कि जॉली मेडिकल स्टोर के माध्यम से शहरवासियों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध करवाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने बताया कि यहां एक ही छत के नीचे विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा मरीजों की जांच, आवश्यक मेडिकल टेस्ट और अच्छी कंपनियों की दवाइयां उपलब्ध करवाने की व्यवस्था की गई है। इससे कुराली शहर और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करने में सुविधा मिलने की उम्मीद है। आयोजकों ने कहा कि आज के समय में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना बेहद जरूरी है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए मेडिकल स्टोर में दवाइयों के साथ-साथ अन्य आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था की गई है, ताकि लोगों को अपनी जरूरत के अनुसार सुविधाएं एक ही स्थान पर मिल सकें। समारोह में बाबा गाजीदास जी क्लब, गांव रोड माजरा-चक्कलां के प्रतिनिधियों सहित क्षेत्र की अनेक प्रमुख हस्तियों ने शिरकत की। इस मौके पर दविंदर सिंह बाजवा, जय सिंह चक्कल, बलविंदर सिंह सरपंच, मेजर सिंह माहल, गुरदीप सिंह माहल, सुरिंदर सिंह चीमा, मनमोहन सिंह चीमा, बिट्टू बाजवा सरपंच, दलशेर सिंह और जॉली फार्मेसी के अर्शदीप सिंह चीमा उपस्थित रहे।

'हमारे बुजुर्ग हमारा मान' के तहत बुजुर्गों के लिए विशेष मेडिकल एवं जागरूकता कैंप आयोजित

डेली आवाज भारती



बरनाला/ राकेश जेठी : सामाजिक सुरक्षा एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से स्टेट एक्शन फॉर सीनियर सिटीजन्स 2026-27 के तहत बुजुर्ग नागरिकों के कल्याण के लिए 'हमारे बुजुर्ग्ह्हमारा मान' अभियान के अंतर्गत स्थानीय शहीद भगत सिंह पार्क में विशेष मेडिकल एवं जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगरूर से सांसद श्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर संबोधित करते हुए सांसद मीत हेयर ने कहा कि इस मेगा कैंप के दौरान पंजाब सरकार की ओर से बुजुर्गों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न अनुभवी एवं विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा आंखों की जांच, गैर-संचारी रोगों की जांच, डिमेंशिया की पहचान और मनोवैज्ञानिक परामर्श जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई गईं। उन्होंने कहा कि कैंप के दौरान बुजुर्गों को आजकल बढ़ रही साइबर ठगी और फोन कॉल के माध्यम से होने वाले धोखाधड़ी के मामलों के प्रति विशेष रूप से जागरूक किया जा रहा है।

धान की पराली जलाने से रोकने के लिए अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ की अहम बैठक

एसडीएम को गांव स्तर पर बैठकें करने के निर्देश, क्लस्टर अधिकारियों को गांवों में रहकर लोगों को जागरूक करने को कहा

- किसान लकी ड्रॉ के लिए बढ़-चढ़कर करवाएं पंजीकरण: विवेक मोदी

डेली आवाज भारती



बरनाला/गोपाल : डिप्टी कमिश्नर बरनाला श्री हरप्रीत सिंह के दिशा-निर्देशों और अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (जनरल) श्री विवेक कुमार मोदी की अध्यक्षता में धान की पराली के उचित प्रबंधन और पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के संबंध में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर श्री विवेक कुमार मोदी ने सभी उपमंडल मजिस्ट्रेटों (एसडीएम) को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के गांवों में जाकर किसानों के साथ सीधी बैठकें करें और पराली के उचित निपटारे के लिए उपलब्ध तकनीकों के बारे में जागरूक करें। उन्होंने सभी क्लस्टर अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लगातार फील्ड में मौजूद रहें और स्थिति पर कड़ी नजर रखें। इसके साथ ही नोडल अधिकारियों को किसानों, बेलर मालिकों और सहकारी सभाओं के साथ तालमेल बनाकर विशेष बैठकें आयोजित करने के लिए कहा गया, ताकि पराली की गांठें बनाने और अन्य उपलब्ध साधनों के इस्तेमाल की प्रक्रिया को सुचारू बनाया जा सके। बैठक के दौरान कृषि विभाग को निर्देश दिए गए कि वह गांव-गांव में मुनादी के माध्यम से जागरूकता अभियान को और तेज करे। अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि पराली नहीं जलाने वाले किसानों के लिए प्रशासन की ओर से 'लकी ड्रॉ' योजना शुरू की गई है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे इस योजना में भाग लेने के लिए अधिक से अधिक संख्या में अपना पंजीकरण करवाएं। श्री मोदी ने किसानों से अपील की कि पर्यावरण की शुद्धता बनाए रखने और भूमि की उपजाऊ शक्ति को सुरक्षित रखने के लिए वे धान की पराली को आग न लगाएं तथा इस अभियान में प्रशासन का पूरा सहयोग करें। इस अवसर पर एसडीएम तपा श्री आयुष गोयल, एसडीएम महल कलां श्री बियंत सिंह, मुख्य कृषि अधिकारी बरनाला डॉ. सुखपाल सिंह गिल, तहसीलदार बरनाला कुलदीप सिंह के अलावा क्लस्टर और नोडल अधिकारी भी मौजूद रहे।

बलटाना के पैलेस में सगाई समारोह के दौरान चोरी

साढ़े तीन लाख नकदी, आईफोन और गहने ले गया बच्चा

- मेहमानों की भीड़ का फायदा उठाकर टेबल पर रखा पर्स चुराकर फरार हुआ बच्चा
- सफेद कपड़े पहनने के कारण वेटर समझते रहे लोग, मैनेजमेंट की सुरक्षा प्रणाली पर उठे सवाल

डेली आवाज भारती

जीरकपुर/तरनप्रीत सिंह गिल : जीरकपुर के बलटाना स्थित एक निजी पैलेस में एक सगाई समारोह के दौरान चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। समारोह में मेहमानों की भीड़ का फायदा उठाकर एक नाबालिग बच्चा टेबल पर रखा पर्स चोरी करके फरार हो गया। परिवार का दावा है कि चोरी हुए पर्स में साढ़े तीन लाख रुपये नकद, एक आईफोन 16 और कीमती सोने के गहने मौजूद थे। यह पूरी घटना पैलेस में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। परिवार ने पैलेस की मैनेजमेंट पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए सुरक्षा प्रबंधों में बड़ी लापरवाही के आरोप लगाए हैं। परिवार के सदस्यों मुताबिक 11 अक्टूबर की देर रात करीब 12:30 बजे सगाई का कार्यक्रम चल रहा था और सभी रिश्तेदार अपने-अपने कामों और मिलने-मिलाने में व्यस्त थे। इसी दौरान एक बच्चा वहां पहुंचा और स्टेज के नजदीक टेबल पर पड़ा पर्स उठाकर आराम से बाहर निकल गया। परिवार का कहना है कि बच्चा काफी देर से समारोह वाली जगह पर घूम रहा था। उसने सफेद रंग के कपड़े पहने हुए थे, जिस कारण वहां मौजूद लोगों को लगा कि वह शायद रिसॉर्ट का ही कोई कर्मचारी या वेटर है। पीड़ित परिवार अनुसार बच्चा लगातार आसपास की गतिविधियों पर निगाह रख रहा था। पर्स काफी देर से टेबल पर पड़ा था, जिसे देखकर परिवार ने शक प्रकट किया है कि बच्चे को पहले से ही पर्स की स्थिति और उसमें रखे कीमती सामान के बारे में पूरी जानकारी थी। परिवार को मिलीभगत होने का भी शक है, हालांकि इसकी अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

112 पर कॉल करके दी सूचना, पुलिस ने खंगाली फुटेज

घटना का पता लगने पर परिवार ने तुरंत इमरजेंसी नंबर 112 पर कॉल करके पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और परिवार सदस्यों के बयान दर्ज करने के साथ-साथ मौके की लाइव रिकॉर्डिंग और सीसीटीवी फुटेज की जांच की। फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि कैसे एक बाहरी व्यक्ति/बच्चा पर्स चुटक कर बाहर की तरफ जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज करके बच्चे की पहचान करने, उसके समागम में पहुंचने और बाहर निकलने वाले रूट की बारीकी से पड़ताल शुरू कर दी है।

जिले की मंडियों में अब तक 4,588 मीट्रिक टन धान की आवक: डिप्टी कमिश्नर

- अब तक 3,750 मीट्रिक टन धान की हुई खरीद, किसानों को 7.03 करोड़ रुपये का भुगतान

डेली आवाज भारती



बरनाला/नवीन कालीः डिप्टी कमिश्नर हरप्रीत सिंह आईएएस ने बताया कि जिले की मंडियों में धान की आवक शुरू हो चुकी है। बीती शाम तक जिले की विभिन्न मंडियों में कुल 4,588 मीट्रिक टन धान की आवक दर्ज की गई, जिसमें से अब तक 3,750 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। खरीदी गई फसल के बदले किसानों को 7.03 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि विभिन्न सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा धान की खरीद की जा रही है। इसमें पनग्रेन द्वारा 1,433 मीट्रिक टन, मार्कफेड द्वारा 992 मीट्रिक टन, पनसप द्वारा 880 मीट्रिक टन और पंजाब स्टेट वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन द्वारा 415 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है। इसके अलावा व्यापारियों द्वारा 30 मीट्रिक टन धान खरीदा गया है। डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि मंडियों से खरीदी गई फसल का उठान भी साथ-साथ किया जा रहा है, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे मंडियों में अपनी सूखी फसल ही लेकर आएं, ताकि धान की खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से चल सके और किसानों की फसल की समय पर खरीद सुनिश्चित की जा सके।

CMYK